Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 21 | गुरूवार, 22 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


### पुतिन-जिनपिंग का नाम लेकर ट्रंप ने दावोस में किया बड़ा दावा

# ग्रीनलैंड को सिर्फ अमेरिका बचा सकता है: डोनाल्ड ट्रम्प

**नई दिल्ली।**

ट्रम्प ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था के वैश्विक प्रभाव पर जोर देते हुए कहा कि अमेरिका इस ग्रह पर सभी देशों का आर्थिक इंजन है। जब अमेरिका में आर्थिक उछाल आता है, तो पूरी दुनिया में उछाल आता है। जब हालात बिगड़ते हैं। तो आप सभी का पतन होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए अपने भाषण की शुरूआत अमेरिका में हुई महत्वपूर्ण आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए की। ट्रंप ने दावोस में कहा कि मुझे चुनकर अमेरिकी जनता बहुत खुश है, दो साल पहले हम एक मृत देश थे, लेकिन अब हम फिर से जीवित हो गए हैं। यूरोप में कुछ स्थान तो पहचाने जाने लायक भी नहीं हैं; मुझे यूरोप से प्यार है, लेकिन यह सही रास्ते पर नहीं चल रहा है। हम दूसरे देशों द्वारा किए गए नुकसान की भरपाई के लिए उन पर बढ़ा रहे हैं कर। हमने कुछ बेहतरीन व्यापार समझौते किए हैं; हर कोई जानता है कि जब अमेरिका बढ़ता है तो आप भी बढ़ेंगे। उन्होंने आय स्तर में सुधार और मुद्रास्फीति में कमी का जिक्र करते हुए इसे सभी देशों के लिए अच्छा बताया। ट्रम्प ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था के वैश्विक प्रभाव पर जोर देते हुए कहा कि अमेरिका इस ग्रह पर सभी देशों का आर्थिक इंजन है। जब अमेरिका में आर्थिक उछाल आता है, तो पूरी दुनिया में उछाल आता है। जब हालात बिगड़ते हैं। तो आप सभी का पतन होता है। ट्रम्प ने यूरोप से अमेरिका जैसी नीतियां अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि मुझे यूरोप से प्यार है और मैं यूरोप को तरक्की करते देखना चाहता हूं, लेकिन यह सही दिशा में नहीं बढ़ रहा है। ट्रम्प ने यूरोप के बढ़ते सरकारी खर्च, प्रवासन नियमों और व्यापार नीतियों की आलोचना करते हुए दावा किया कि इन फैसलों ने महाद्वीप के कुछ हिस्सों को पहचान से परेह्व बना दिया है। उन्होंने आगे कहा कि यूरोप को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए वही करना चाहिए जो हम कर रहे हैं।



> ट्रंप ने कहा कि शुल्क अगले महीने से 10 प्रतिशत से शुरू होंगे और जून में बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएंगे

### गणतंत्र दिवस से पहले हाई अलर्ट

# दिल्ली पुलिस ने अलकायदा के 6 आतंकियों के पोस्टर जारी किए

**नई दिल्ली।**




गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने एक पोस्टर जारी किया है जिसमें 6 आतंकवादियों को दिखाया गया है। इन पोस्टरों में पहली बार दिल्ली के एक आतंकवादी की तस्वीर लगाई गई है। यह आतंकवादी मोहम्मद रेहान है, जो अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (अदकर) से जुड़ा हुआ है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां उसे काफी समय से ढूंढ रही हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, मोहम्मद रेहान एक वांटेड आतंकवादी है।

26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के लिए दिल्ली में खासकर कर्तव्य पथ पर बहुत सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कई खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर यह तैयारी की गई है। पूरे इलाके में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिनमें चेहरा पहचानने वाली एडवांस्ड तकनीक (ऋफर) इस्तेमाल हो रही है। करीब 10,000 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे।सुरक्षा के लिए कई स्तर बनाए गए हैं। एंटी-ड्रोन यूनिट हवा से नजर रख रही है। ऊंची इमारतों पर स्नाइपर तैनात हैं। होटल, गेस्ट हाउस, किराएदारों और घरेलू नौकरों की जांच चल रही है। पैदल चलने वालों को कम से कम तीन बार मेटल डिटेक्टर से चेक किया जाएगा। एडिशनल पुलिस कमिश्नर देवेश कुमार महाला ने बताया, ़गणतंत्र दिवस एक तय समय पर मनाया जाता है और कर्तव्य पथ पर इसका आयोजन होता है। इसे देखते हुए, एक सिक्योरिटी स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल लागू किया गया है। करीब 10,000 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर होंगे। हमने ग्राउंड पर 9 बार ब्रीफिंग और रिहर्सल की है। कंट्रोल रूम में लगभग 1,000 कैमरे लगे हैं। अक और ऋफर सिस्टम से अगर कोई संदिग्ध या क्रिमिनल बैकग्राउंड वाला व्यक्ति दिखे तो तुरंत अलर्ट मिलता है।

# तेलंगाना में 100 कुत्तों को जहर देने का आरोप

**हैदराबाद।**

तेलंगाना में आवारा कुत्तों की कथित हत्याओं का सिलसिला जारी है। ताजा मामले में हैदराबाद के पास याचारम गांव में करीब 100 आवारा कुत्तों को जहर देकर मारने का आरोप सामने आया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और एक वार्ड सदस्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह घटना छह जनवरी के बाद से राज्य के विभिन्न जिलों में लगभग पांच सौ आवारा कुत्तों के मारे जाने की घटनाओं की कड़ी में सामने आई है। भारतीय आवारा पशु फाउंडेशन से जुड़े एक पशु कल्याण कार्यकर्ता ने याचारम पुलिस थाने में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 जनवरी को कुत्तों को जहरीले पदार्थ का इंजेक्शन दिया गया। पुलिस के अनुसार, शिकायत में 100 कुत्तों की मौत का दावा किया गया है, हालांकि प्रारंभिक जांच और ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर अब तक करीब 50 कुत्तों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। वास्तविक संख्या और कुत्तों के शवों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# उत्तर भारत में जारी सर्दी का कहर कश्मीर-हिमाचल में भारी बर्फबारी

**नई दिल्ली।**

भारत मौसम विभाग के अनुसार, एक तीव्र वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव से उत्तरी भारत में मौसम ने करवट ली है। हिमालयी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश-तूफान का दौर शुरू हो चुका है। कश्मीर, हिमाचल, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के लोगों को आज और अगले 2-3 दिनों तक सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



# भाजपा की 'नवीन' टीम में भी होगा पीढ़ी परिवर्तन, 55 होगी औसत उम्र




**नई दिल्ली।**

भाजपा की अग्रिम पंक्ति में शामिल कई नेता अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके अलावा इनमें से कई नेताओं का 2029 का चुनाव अंतिम चुनाव होगा। ऐसे में ऐसी टीम बनाने की योजना है जो न सिर्फ आगामी चुनाव के लिए कारगर साबित हो, बल्कि उसमें पार्टी को भविष्य में नया नेतृत्व देने की भी क्षमता हो। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के बाद अब राष्ट्रीय संगठन की नई टीम में भी पीढ़ी परिवर्तन की धमक सुनाई देगी। अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम में युवा और अनुभव के बीच सामंजस्य बैठाते हुए नई पीढ़ी के कई युवाओं को मौका मिलेगा। कोशिश नई टीम की औसत उम्र 55 वर्ष करने की है और इसके लिए माथापच्ची भी शुरू हो गई है। इस बीच अध्यक्ष बनने के अगले ही दिन नितिन ने पार्टी मुख्यालय में मैराथन बैठक कर एक-एक राज्य की ताजा राजनीतिक स्थिति की विस्तार से जानकारी ली है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक चूंकि आगामी लोकसभा चुनाव नितिन नवीन और उनकी नई टीम की अगुवाई में ही लड़ी जानी है। इसलिए नई टीम में ऐसे युवाओं को जगह मिलेगी, जिनके अंदर आने वाले दिनों में सांगठनिक कौशल दिखाने की क्षमता हो।

> भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के बाद अब राष्ट्रीय संगठन की नई टीम में भी पीढ़ी परिवर्तन की धमक सुनाई देगी

### रेतीले टीलों में भी जवानों होंगे तैनात

# भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ चलाएगा 'ऑपरेशन सर्द हवा'




**जयपुर।**

राजस्थान से सटी भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 22 से 29 जनवरी तक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) आपरेशन सर्द हवा चलाएगा। आपरेशन सीमा से सटे राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर एवं श्रीगंगानगर जिलों में चलाया जाएगा। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ के जवानों की संख्या बढ़ाने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी पेट्रोलिंग भी करेंगे। जनवरी माह में तेज सर्दी, घने कोहरे और कम दृश्यता का लाभ उठाकर सीमापार से घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की आशंका हमेशा रहती है। ऐसे में बीएसएफ की ओर से प्रतिवर्ष जनवरी माह में गणतंत्र दिवस के आसपास ऑपरेशन सर्द हवा चलाया जाता है। जानकारी के अनुसार 22 से 29 जनवरी तक तारबंदी के निकट जवानों की संख्या बढ़ाई जाएगी। मुख्यालयों एवं कार्यालयों में तैनात जवानों को सीमा पर तैनात किया जाएगा। जैसलमेर एवं बाड़मेर के रेगिस्तान में ऊंटों पर सवार होकर जवान पदचिन्हों की बारीकी से जांच करेंगे। रेतीले टीलों में भी जवानों को तैनात किया जाएगा।

# 'रूस और यूक्रेन चाहते हैं समझौता', ट्रंप का दावा- शांति के प्रयास काफी हद तक सफल

**नई दिल्ली।**


अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यूक्रेन-रूस के युद्ध खत्म होने पर बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए समझौता करना चाहते हैं। यूक्रेन और रूस के बीच शांति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों ही मौजूदा संघर्ष को समाप्त करने के लिए समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समझौता कराने के प्रयास 'काफी हद तक सफल' हो चुके हैं, हालांकि उन्होंने दोनों देशों के नेतृत्व के बीच गहरी शत्रुता की ओर भी इशारा किया।



# भीषण जल संकट की ओर दिल्ली!

**दिल्ली।**

हरियाणा की ओर से पानी की आपूर्ति डायवर्ट करने और दिल्ली ब्रांच नहर से कच्चा पानी नहीं मिलने की वजह से राजधानी के बड़े हिस्से में अगले दो सप्ताह जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जलापूर्ति डायवर्ट होने के कारण आगामी चार फरवरी तक हैदरपुर ट्रीटमेंट प्लांट फेज-1, फेज-2, बवाना, द्वारका और नांगलोई से पानी का उत्पादन प्रभावित हुआ है। दिल्ली जल बोर्ड ने लोगों से पानी के विवेकपूर्ण इस्तेमाल की सलाह दी है। बाहरी दिल्ली व पश्चिमी दिल्ली के तीन दर्जन से अधिक इलाकों के अलावा सदर बाजार में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जल बोर्ड का कहना है कि हालांकि, स्थिति की लगातार समीक्षा की जा रही है। जल बोर्ड जल आपूर्ति को युक्तिसंगत बनाने के लिए प्रयासरत है और स्थिति में सुधार होने तक उपरोक्त संयंत्रों से जल उत्पादन में कटौती की जाएगी। बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड की ओर से बताया गया कि दिल्ली जल बोर्ड की ओर से पानी की सप्लाई के लिए प्रयास किए जा रहे है और स्थिति में सुधार होने तक उपरोक्त प्लांट से पानी का उत्पादन कम किया जाएगा। इसलिए जनता से पानी का समझदारी से इस्तेमाल करने की अपील की गई है।



## संपादक की कलम से

# साबित करें, शंकराचार्य हैं

यदि सनातन का राग अलापने वालों की सरकार में, सनातन के शिरोमणि शंकराचार्य को अपमानित किया गया है, तो सनातन कैसे सुरक्षित और सम्मानित माना जा सकता है? हम सीधे प्रधानमंत्री मोदी या उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सवालों के कटघरे में खड़ा नहीं कर रहे हैं, लेकिन क्या उप्र का औसत प्रशासन इतना खुदमुख्तार हो गया है कि उसने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य को नोटिस भेजकर कहा है कि आप साबित करें, आप शंकराचार्य हैं! क्या देश की सत्ताएं, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री अथवा राजनीतिक नेतृत्व अब तय करेंगे कि शंकराचार्य कौन होगा या किसे शंकराचार्य के पद से खारिज किया जाए? मुद्दा बेहद सामान्य है, लेकिन उप्र के प्रशासन और पुलिस ने उसे राई का पहाड़ बना दिया है। इससे पहले प्रयागराज संगम पर महाकुंभ का आयोजन भी किया गया था, जिसमें दुनिया भर से करीब 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने आकर मां गंगा के संगम में स्नान किया, लेकिन प्रोटोकॉल के नाम पर कोई बखेड़ा नहीं हुआ। शंकराचार्य सनातन धर्म के सर्वोच्च संतों में गिने जाते हैं। वे 8वीं सदी के आदि शंकराचार्य की परंपरा ही माने जाते रहे हैं। आदि शंकराचार्य महान भारतीय दार्शनिक और धर्मगुरु थे, जिन्होंने अद्वैत दर्शन को स्थापित किया। हिंदू धर्म को एकीकृत किया और भारत के चार कोनों में चार मठ स्थापित किए। उन्हें पीठ भी कहा जाता है। शंकराचार्य को ईश्वर के बाद सर्वोच्च स्थान और दर्जा भी दिया गया है। बौना-सा सरकारी प्रशासन कौन होता है किसी शंकराचार्य पर सवाल करने और नोटिस भेजने वाला? ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का अभिषेक उनके धर्मगुरु, द्वारका और शारदा पीठों के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने किया था। हालांकि उन्होंने अपने जीवन-काल में अविमुक्तेश्वरानंद को, शंकराचार्य के तौर पर, उत्तराधिकारी घोषित नहीं किया था, लिहाजा मामला सर्वोच्च अदालत में है और अदालत ने फिलहाल किसी अन्य को पदासीन करने पर रोक लगा रखी है। यथास्थिति के मद्देनजर अविमुक्तेश्वरानंद ही शंकराचार्य माने जाते रहे हैं। इस कांड से पहले तक सनातन के जुमलेबाजों को भी आपत्ति नहीं थी। शंकराचार्य की श्रृंखला में स्वामी निश्चलानंद सरस्वती गोवर्धन मठ, पुरी, स्वामी भारती तीर्थ श्रृंगेरी पीठ और स्वामी सदानंद द्वारका पीठ के घोषित और पदासीन शंकराचार्य हैं। क्या कोई प्रशासन अथवा सरकार इन शंकराचार्यों को नोटिस भेज कर साबित करने का आदेश दे सकती है? यदि धर्म, साधु-संतों, परंपराओं को अपमानित करना है, तो सरकारें कुछ भी कर सकती हैं। वे औसत माता-पिता को नोटिस भेजकर सबूत मांग सकती हैं कि वे ही अमुक बच्चे के जैविक जन्मदाता हैं। संविधान की आड़ में प्रशासन, सरकारों को कई उच्छृंखलताओं के विशेषाधिकार प्राप्त हैं। हम भी मानते हैं कि ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य का मामला विवादित है और अदालत के विचाराधीन है, लेकिन साधु-संतों, धार्मिक संस्थाओं, धार्मिक अखाड़ों और श्रद्धालुओं के एक वर्ग को उनके शंकराचार्य होने पर आपत्ति नहीं है, तो उप्र प्रशासन की औकात क्या है? क्या शंकराचार्य नियुक्त करने या बेदखल करने का अधिकार भी संविधान में है? हमें सर्वोच्च अदालत के फैसले की प्रतीक्षा करनी चाहिए। मुद्दा यह था कि शंकराचार्य माघ मेले का संगम में स्नान करने जा रहे थे। वह अपनी परंपरागत पालकी और रथ पर सवार थे और शिष्यों का काफिला भी उनके साथ था। मेला क्षेत्र, प्राधिकरण के बड़े अफसर, शीर्ष पुलिस अधिकारी शंकराचार्य को संगम क्षेत्र में आने से पूर्व ही व्यवस्था को ब्रीफ कर सकते थे।



**ललित शर्मा**
संपादक

## कविता

### बसंत ऋतु आई

**उदय किशोर साह**



जंगल से पतझड़ की हो गई विदाई
वसंत बहार वन उपवन में है छाई
अमुवा की डाली पे मंजरी की आगाज
धरा पे आये मदमस्त वसंत ऋतुराज

चमन की नई कलियाँ देखों मुस्कुराई
जैसे घूंघट में नई नवेली सज धज आई
गेंदा फूल का देख लो खिला मिजाज
मस्ती में झूल रही है अड़हुल भी आज

फूलों के राजा वर्षों से है श्रीमान गुलाब
काँटों के बीच भी लग रहें हैं वो नवाब
फूलों का मादक खुशबू महकाया उपवन
जैसे जंगल में महक जाये लाल चन्दन

बेला चेमला ने कर बैठी डाली पे श्रृंगार
रात रानी के संग हँसीन है हरसिंगार
पलक पावड़े बिछाये है बगिया की माली
फूलों से लद गये नव पल्लव ले डाली

फिजां का भी रंग रूप है बदला बदला
घूम रहा मधुकर चमन में बन कर पगला
चारों ओर रंग में रंग गई है यहाँ कलियां
हरी भरी खेतों में लटकी मटर की फलियां

रे बदरा मत कर वसंत को धरा पे परेशान
बेमौसम में तुझे आया देख जग है हैरान
क्यूं रंग में भंग डालने तुँ आसमान पे आया
पानी ना बरसाना सिर्फ कर देना तुँ छाया

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वर्दी, मयार्दा और विश्वास का संकट



**प्रियंका सौरभ**

> मनोवैज्ञानिक परामर्श, नैतिक मूल्यांकन और जवाबदेही की स्पष्ट प्रक्रियाएँ विकसित करनी होंगी। कर्नाटक डीजीपी प्रकरण केवल एक अधिकारी के कथित आचरण का मामला नहीं है। यह उस व्यापक प्रश्न का प्रतीक है कि सत्ता, नैतिकता और जवाबदेही के बीच हमारा संतुलन कितना मजबूत है। निलंबन एक प्रारंभिक कदम है, अंतिम निष्कर्ष नहीं। असली कसौटी निष्पक्ष जांच, पारदर्शी प्रक्रिया और न्यायसंगत निर्णय में होगी। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब संस्थाएँ स्वयं को सुधारने का साहस दिखाती हैं। वर्दी की गरिमा, पद की मयार्दा और जनता का विश्वास—इन तीनों की रक्षा के लिए यह आवश्यक है कि कानून बिना भय और पक्षपात के अपना काम करे। यही इस पूरे प्रकरण से निकलने वाला सबसे महत्वपूर्ण संदेश होना चाहिए। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि किसी अधिकारी का निजी जीवन उसके काम से अलग होना चाहिए। सिद्धांत रूप में यह बात सही लग सकती है, लेकिन उच्च संवैधानिक या प्रशासनिक पदों पर बैठे लोगों के लिए निजी और सार्वजनिक जीवन के बीच की रेखा बहुत पतली होती है। कारण साफ है—उनका हर आचरण संस्था की छवि से जुड़ जाता है। यदि कथित कृत्य ऐसे हों जो सार्वजनिक नैतिकता, महिला सम्मान या पद की गरिमा के विपरीत माने जाएँ, तो उन्हें केवल निजी मामला कहकर खारिज नहीं किया जा सकता।

लोकतंत्र में सत्ता का सबसे संवेदनशील और प्रभावशाली चेहरा पुलिस व्यवस्था होती है। पुलिस केवल कानून लागू करने वाली संस्था नहीं, बल्कि राज्य की नैतिक शक्ति का प्रतीक भी है। जब इसी व्यवस्था का कोई शीर्ष अधिकारी गंभीर नैतिक आरोपों में घिरता है, तो सवाल केवल व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पूरे तंत्र की साख, जवाबदेही और आचरण पर उठ खड़े होते हैं। कर्नाटक के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और डीजीपी (सिविल राइट्स एन्फोर्समेंट) को कथित आपत्तिजनक वीडियो सामने आने के बाद निलंबित किया जाना इसी गहरे संकट की ओर संकेत करता है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित वीडियो क्लिप्स ने प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी। राज्य सरकार द्वारा त्वरित निलंबन का निर्णय इस बात का संकेत है कि मामला केवल निजी आचरण तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि सार्वजनिक पद की गरिमा और संस्थागत प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ समझा गया। हालांकि, यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी भी व्यक्ति को कानूनन दोषी ठहराने से पहले निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो। लोकतंत्र का यही संतुलन है—न तो आरोपों को नजरअंदाज करना और न ही जांच से पहले निर्णय सुना देना।

पुलिस वर्दी एक साधारण पोशाक नहीं होती। यह नागरिकों और राज्य के बीच विश्वास का प्रतीक होती है। विशेष रूप से डीजीपी स्तर का अधिकारी केवल आदेश देने वाला प्रशासक नहीं, बल्कि पूरे बल के लिए नैतिक मानक तय करने वाला चेहरा होता है। उसके आचरण से यह संदेश जाता है कि व्यवस्था किस दिशा में खड़ी है।

जब किसी शीर्ष अधिकारी पर ऐसे आरोप लगते हैं, तो आम नागरिक के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि यदि नीति निर्धारण और अनुशासन लागू करने वाले ही मयार्दाओं को लेकर लापरवाह हों, तो व्यवस्था से न्याय की उम्मीद कैसे की जाए? यही वह बिंदु है जहाँ व्यक्तिगत आचरण सार्वजनिक चिंता का विषय बन जाता है। यह प्रकरण एक और महत्वपूर्ण पहलू को उजागर करता है—सोशल मीडिया का प्रभाव। आज किसी भी कथित वीडियो या सामग्री का कुछ ही घंटों में व्यापक प्रसार हो जाता है। इससे एक ओर पारदर्शिता बढ़ी है, तो दूसरी ओर अफवाह, संपादन और दुरुपयोग का खतरा भी। इसलिए राज्य और जांच एजेंसियों के सामने दोहरी चुनौती होती है—जनभावना का सम्मान करते हुए भी तथ्यों की गहराई से पड़ताल करना। सोशल मीडिया पर वायरल सामग्री को आधार बनाकर प्रशासनिक कार्रवाई करना एक संवेदनशील निर्णय होता है। कर्नाटक सरकार द्वारा निलंबन का फैसला यह दशार्ता है कि प्रारंभिक स्तर पर ही जवाबदेही तय करने की कोशिश की गई, ताकि जांच निष्पक्ष वातावरण में हो सके। निलंबन स्वयं में दंड नहीं, बल्कि जांच के लिए रास्ता साफ करने की प्रक्रिया है—यह तथ्य समझना भी जरूरी है। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि किसी अधिकारी का निजी जीवन उसके काम से अलग होना चाहिए। सिद्धांत रूप में यह बात सही लग सकती है, लेकिन उच्च संवैधानिक या प्रशासनिक पदों पर बैठे लोगों के लिए निजी और सार्वजनिक जीवन के बीच की रेखा बहुत पतली होती है। कारण साफ है—उनका हर आचरण संस्था की छवि से जुड़ जाता है। यदि कथित कृत्य ऐसे हों जो सार्वजनिक नैतिकता, महिला सम्मान या पद की गरिमा के विपरीत माने जाएँ, तो उन्हें केवल निजी मामला कहकर खारिज नहीं किया जा सकता।

विशेषकर तब, जब वे कृत्य सार्वजनिक प्रतीकों, वर्दी या आधिकारिक वातावरण से जुड़े होने का आरोप झेल रहे हों। इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा प्रश्न व्यक्ति से आगे जाकर संस्थागत जवाबदेही का है। क्या हमारी प्रशासनिक संरचना में ऐसे तंत्र पर्याप्त रूप से मजबूत हैं, जो समय रहते आचरण संबंधी विचलनों को पहचान सकें? क्या वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आंतरिक आचार संहिता केवल कागजों तक सीमित रह गई है? आईपीएस जैसे प्रतिष्ठित कैडर से समाज अपेक्षा करता है कि वह न केवल कानून लागू करे, बल्कि नैतिक नेतृत्व भी प्रदान करे। यदि किसी एक अधिकारी की कथित चूक पूरे बल की छवि पर प्रश्नचिह्न लगा देती है, तो यह संकेत है कि आंतरिक निगरानी और नैतिक प्रशिक्षण पर नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। किसी भी लोकतांत्रिक राज्य में सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह होता है कि कानून सबके लिए समान है।

चाहे वह आम नागरिक हो या सर्वोच्च पद पर बैठा अधिकारी। यदि जांच के बाद आरोप सिद्ध होते हैं, तो कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए जो यह स्पष्ट करे कि पद, प्रभाव और पहचान कानून से ऊपर नहीं हैं। साथ ही, यदि आरोप असत्य या बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किए गए पाए जाते हैं, तो यह भी उतना ही आवश्यक है कि संबंधित अधिकारी की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित किया जाए। न्याय का अर्थ केवल दंड देना नहीं, बल्कि सत्य की स्थापना भी है। आम नागरिक पुलिस से केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि नैतिक आश्वासन भी चाहता है। वह यह विश्वास करना चाहता है कि जिन हाथों में कानून की बागडोर है, वे स्वयं कानून और मयार्दा के दायरे में हैं। जब ऐसे प्रकरण सामने आते हैं, तो जनता का भरोसा डगमगाता है—और यही किसी भी लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा होता है। इसलिए सरकारों और संस्थानों की जिम्मेदारी केवल तात्कालिक कार्रवाई तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उन्हें यह भी सोचना होगा कि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो—इसके लिए प्रशिक्षण, मनोवैज्ञानिक परामर्श, नैतिक मूल्यांकन और जवाबदेही की स्पष्ट प्रक्रियाएँ विकसित करनी होंगी। कर्नाटक डीजीपी प्रकरण केवल एक अधिकारी के कथित आचरण का मामला नहीं है। यह उस व्यापक प्रश्न का प्रतीक है कि सत्ता, नैतिकता और जवाबदेही के बीच हमारा संतुलन कितना मजबूत है। निलंबन एक प्रारंभिक कदम है, अंतिम निष्कर्ष नहीं।

असली कसौटी निष्पक्ष जांच, पारदर्शी प्रक्रिया और न्यायसंगत निर्णय में होगी। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब संस्थाएँ स्वयं को सुधारने का साहस दिखाती हैं। वर्दी की गरिमा, पद की मयार्दा और जनता का विश्वास—इन तीनों की रक्षा के लिए यह आवश्यक है कि कानून बिना भय और पक्षपात के अपना काम करे। यही इस पूरे प्रकरण से निकलने वाला सबसे महत्वपूर्ण संदेश होना चाहिए।

# भारत की सड़कें, प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही का संकट विकसित भारत 2047 के सामने खड़ी एक गंभीर चुनौती?

वैश्विक स्तरपर भारत आज स्वयं को 21वीं सदी की उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।विकसित भारत 2047 का लक्ष्य केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे, शासन क्षमता, नागरिक सुरक्षा और जीवन गुणवत्ता में आमूलचूल परिवर्तन का वादा है।लेकिन इसी भारत में सड़कों पर गड्ढों, खुले मैनहोल, निर्माण सामग्री के बेतरतीब ढेर, अधूरे अंडर- कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स और प्रशासनिक उदासीनता के कारण हर वर्ष हजारों लोग जान गंवा रहे हैं या स्थायी रूप से अपंग हो रहे हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि यह विडंबना नहीं,बल्कि एक संरचनात्मक विफलता है, इसमें माननीय नेताओं की समय समय पर विपक्ष पर की जा रही टांटिंग बाजी 10 से 50 प्रतिशत वाला मामला अधिकारियों कर्मचारियों संबंधित लाइसेंसिंग अथारिटी द्वारा आंख मूंद कर बैठना आंखों पर परसेंट का कवर चढ़ा देना अब आम जनता आप समझते जा रही है जो, भारत की विकास यात्रा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है।नोएडा में 27 वर्षीय इंजीनियर युवराज मेहता की गड्ढे में गाड़ी फंसने से हुई दर्दनाक मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया।सोशल मीडिया पर यह मामला ट्रेंड कर रहा है, क्योंकि यह किसी प्राकृतिक आपदा का नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही का परिणाम था। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने सवाल उठाया कि क्या टैक्स देने वाले नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं है?क्या अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही की सजा केवल जांच और मुआवजे तक सीमित रहेगी?यह घटना केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की विफलता का प्रतीक बन गई।अभी दो दिवस पूर्व हमारे

गोंदिया राइस सिटी में भी रोड़ों पर हुए गड्ढों से परेशान लोगों ने भीख मांगो एक रैली निकाली जिसमें आम जनता से पैसे लेकर नगर परिषद को देने की बात कही गई ताकि वह गड्ढों को बुझा सके छत्तीसगढ़ की भाटापारासिटी में भी हमारे रिश्तेदार रोड पर पड़े गड्ढे के कारण एक्टिवा से गिर पड़े और करीब एक माह तक अस्पताल में भर्ती रहे बड़ी मुश्किल से बहुत महंगा ट्रीटमेंट करने के बाद उनकी जान बची।

साथियों बात अगर हम भारत में सड़कों की खराब स्थिति एक संरचनात्मक संकट इसको समझने की करें तो भारत का सड़क नेटवर्क विश्व में दूसरा सबसे बड़ा है, जिसकी लंबाई 63 लाख किलोमीटर से अधिक है। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा, गुणवत्ता और रखरखाव के मामले में भारत वैश्विक सूचकांकों में बेहद नीचे है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मामले में भारत लगातार विश्व में शीर्ष पर बना हुआ है।इनमें एक बड़ा कारण सड़कों की जर्जर स्थिति,गड्ढे,असमान सतह जलभराव और अवैज्ञानिक डिजाइन है।ग्रामीण भारत में स्थिति और भी भयावह है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़कें या तो जर्जर हैं या समय पर मरम्मत के अभाव में जानलेवा बन चुकी हैं। बरसात के मौसम में गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। पुरानी शहरी सड़कों पर नई पाइपलाइन, केबल और सीवेज के लिए की गई खुदाई महीनों तक खुली रहती है, और मरम्मत केवल कागजों में सटीक रूप से पूरी होती है।साथियों बात अगर हम निर्माण मलबा और अंडर- कंस्ट्रक्शन अव्यवस्था कुछ समझने की करें तो,भारत के शहरों में अंडर-कंस्ट्रक्शन मकानों और इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का मलबा सड़कों पर पड़ा रहना आम बात हो गई है।नियमों के अनुसार निर्माण स्थल को सुरक्षित करना,चेतावनी संकेत लगाना और मलबा हटाना अनिवार्य है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन होता है।स्थानीय नगर निकाय, पुलिस और विकास प्राधिकरण एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर चुप्पी साध लेते हैं।आंखें और मुंह बंद व्यवस्था सड़क दुर्घटनाओं के बाद अक्सर देखा जाता है कि प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय होने में घंटों लगा देती है। एम्बुलेंस की देरी, ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति,और अस्पतालों में इलाज में लापरवाही कई बार मौत को निश्चित बना देती है।यह केवल व्यक्तिगत असंवेदनशीलता नहीं, बल्कि एक संस्थागत संस्कृति का परिणाम है, जहां जवाबदेही का अभाव है।निर्माण कार्यों की अनुमति देने वाले विभागों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है,लेकिन यही विभाग अक्सर सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हैं। सड़क खुदाई की अनुमति देने के बाद उसकी निगरानी नहीं होती कि गड्ढा समय पर भरा गया या नहीं, चेतावनी बोर्ड लगाए गए या नहीं।यह लापरवाही दुर्घटनाओं की श्रृंखला को जन्म देती है, जिसे लेखकीय रूप से प्रशासनिक लापरवाही का साइकिल कहा जा सकता है।

साथियों बात अगर हम विकसित भारत 2047 बनाम सड़क सुरक्षा की हकीकत इसको समझने की करें तो यह विकसित भारत 2047 की परिकल्पना में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर एक केंद्रीय स्तंभ है। सरकार ने भारतमाला, गतिक शक्ति, स्मार्ट सिटी मिशन और अमृत योजना जैसी कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू की हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केवल नई सड़कों और एक्सप्रेसवे का निर्माण ही विकास है, या मौजूदा सड़कों की सुरक्षा और रखरखाव भी उतना ही आवश्यक है?सरकार ने हाल के वर्षों में पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ सड़क निर्माण के लिए बायो-बिटुमेन जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया है, जिसमें कृषि अपशिष्ट और जैविक सामग्री का उपयोग होता है। यह तकनीक सड़कों की उम्र बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और लागत घटाने में सहायक मानी जा रही है।लेकिन तकनीक तभी प्रभावी होगी जब उसके साथ गुणवत्ता नियंत्रण, पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाए। साथियों बात अगर हम कई मामलों में न्यायपालिकाओं की सख्त टिप्पणीयाँ विशेष रूप सेः बॉम्बे हाईकोर्ट का हस्तक्षेप रेखांकित करने वाली बात है, बॉम्बे हाईकोर्ट सहित कई न्यायालयों ने बार-बार नगर निकायों और राज्य सरकारों की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। अदालतों का स्पष्ट मत है कि गड्ढों और खुले मैनहोल से होने वाली मौतें दुर्घटना नहीं,बल्कि मानव निर्मित आपराधिक लापरवाही हैं।अदालत ने कहा कि जब तक अधिकारियों और ठेकेदारों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं होगा। केवल मुआवजा देना पर्याप्त नहीं है;दोषियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई आवश्यक है। पीआईएल नंबर 71/2013,एक ऐतिहासिक मामला हैं।13



अक्टूबर 2025 को बॉम्बे हाईकोर्ट की दो सदस्य बेंच न्यायमूर्ति की खंडपीठ ने पीआईएल नंबर 71/2013 पर आदेश सुनाया था। यह जनहित याचिका 2013 में तत्कालीन न्यायमूर्ति के एक पत्र के आधारपर स्वतः संज्ञान (सुओ मोटो) लेकर दर्ज की गई थी।यह मामला इस बात का उदाहरण है कि समस्या कितनी पुरानी और गंभीर है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वर्षों की सुनवाई और निदेशों के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है, जो प्रशासन की उदासीनता को स्पष्ट रूप से दशार्ता है।

साथियों बात अगर हम इस भारतीय रोडो परगड्ढों की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य,में भारत की तुलना और सीख को समझने की करेंतो विकसित देशों में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर भारत की तुलना में कहीं कम है।इसका कारण बेहतर डिजाइन,नियमित रखरखाव, सख्त जवाबदेही और त्वरित आपातकालीन सेवाएं हैं। भारत यदि वैश्विक शक्ति बनना चाहता है, तो उसे केवलआर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि नागरिक सुरक्षा के मानकों में भी वैश्विक स्तर अपनाने होंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि जवाबदेही कि भारत की सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि राज्य की शासन क्षमता और संवेदनशीलता का आईना हैं। युवराज मेहता जैसी मौतें हमें यह याद दिलाती हैं कि विकास के दावों के बीच नागरिकों की जान सबसे बड़ा सवाल है। विकसित भारत 2047 तभी संभव है, जब सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए, प्रशासनिक लापरवाही पर कठोर कार्रवाई हो, और न्यायपालिका के निदेशों को केवल कागजों में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। सड़क पर हर गड्ढा, हर खुला मैनहोल और हर अधूरा निर्माण कार्य एक संभावित मौत है। सवाल यह नहीं कि अगली दुर्घटना कब होगी, सवाल यह है कि क्या हम उससे पहले जागेंगे?



गोंदिया


# शहीद सिपाही शिवम कुमार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** भारतीय सेना के सिपाही शिवम (26 वर्ष), निवासी ग्राम रुकनपुर, तहसील चाँदपुर, जनपद बिजनौर, जो ड्यूटी पर तैनात थे, को उनके पैतृक गाँव रुकनपुर में 12 जाट रेजिमेंट के जवानों द्वारा पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

शहीद सिपाही शिवम के अंतिम संस्कार के अवसर पर गाँव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नागरिक एकत्र हुए और नम आँखों से उन्हें श्रद्धांजलि एवं अंतिम सलामी दी। पूरे गाँव का वातावरण अत्यंत शोकाकुल रहा और हर ओर गम और सन्नाटा छाया रहा।





इस सैन्य सम्मान समारोह में कैप्टन ए.के. गुप्ता (जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, बिजनौर), नितिन तेवतिया (एसडीएम, चाँदपुर), पुलिस क्षेत्रा अधिकारी चाँदपुर, तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद सिपाही शिवम अपने पीछे पत्नी एवं माता-पिता को छोड़ गए हैं। उनका विवाह मात्र दो वर्ष पूर्व ही हुआ था तथा उनकी कोई संतान नहीं है। उनके निधन से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे गाँव को अपूरणीय क्षति पहुँची है।

# शिवसैनिकों ने उ.प्र. एवं उत्तराखण्ड के वन अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**धामपुर।** शिव सेना जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिकों एवं क्षेत्रीय कृषकों ने जंगली जानवरों से फसल एवं जन जीवन की सुरक्षा हेतु उप वन क्षेत्राधिकारी कालागढ के माध्यम से प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग उ.प्र. बिजनौर को सम्बोधित तथा वन क्षेत्राधिकारी नगीना रेंज के माध्यम से प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव उत्तराखण्ड को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जंगली जानवरों द्वारा नष्ट की गई फसल का सर्वेक्षण कराकर मुआवजा दिलाने, प्रभावित क्षेत्रों में वाच टावर लगाने, वन सीमावर्ती क्षेत्र में मोशन सेंसर अलार्म एवं हाई मास्ट निगरानी लाइट्स लगवाने, जंगली जानवरों के हमले से जनहानि होने पर मृतक के आश्रितों को पचास लाख रुपए तथा घायल को उचित मुआवजा दिलाने , वन विभाग की रेसक्यू टीम को सक्रिय किये जाने तथा क्षेत्रीय जनता की सुरक्षा हेतु जन जागरण अभियान चलाये जाने की मांग की गई है। इस दौरान मण्डल प्रमुख एडवोकेट आर.के.आर्य, यूवा सेना जिला प्रमुख विकास त्यागी, मनवीर सिंह यादव, सरदार कुलदीप सिंह, बदन सिंह, सन्दीप धनकड , शिवसेना ग्राम पंचायत अध्यक्ष इस्लाम नगर परशुराम, आदर्श सिंह, विजय यादव, तेजपाल सिंह, तेजपाल राणा, हरपाल राणा, अनिल राठी, बंटी यादव, रोहित राणा , अनिल फोगाट, पंकज चौधरी, शैलेन्द्र कुमार, सिकंदर पाल सिंह, सरदार तेजपाल सिंह, बिट्टू , रूबी, विक्की, गीता, गामा, रतनसिंह, इन्द्रजीत सिंह गुरुसेवक , पूर्व प्रधान विनोद काला अतरसिंह, क्षेत्रपाल सिंह, सोनू सिंह, महेंद्र सिंह सिरोही आदि सैकड़ो की तादाद में शिव सैनिक एवं कृषक मौजूद रहे।

# श्रीराम-विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर भव्य काव्य-संध्या का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम-विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर, सुप्रसिद्ध साहित्यिक एवं कला संस्था, आदर्श कला संगम की ओर से एक भव्य काव्य-संध्या का आयोजन, दिव्य सरस्वती कन्या इण्टर कॉलेज में हुआ। कवि मयंक शर्मा द्वारा प्रस्तुत माता शारदे की वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विश्वास शर्मा ने की। मुख्य अतिथि राजीव कुमार शर्मा (जिलाध्यक्ष उ. प्र. प्रधानाचार्य परिषद् मुरादाबाद) एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में सुप्रसिद्ध रंगकर्मी राजेश रस्तोगी, हरि प्रकाश शर्मा एवं सुनील कुमार शर्मा मंचासीन हुए। संयोजन डॉ. प्रदीप शर्मा एवं संचालन योगेन्द्र वर्मा व्योम ने किया। कार्यक्रम में महानगर के अनेक लोकप्रिय रचनाकारों ने प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रकार की मनमोहक काव्यात्मक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को राममय कर दिया। काव्य-पाठ करते हुए राजीव प्रखर ने कहा अवध की गोद में देखो, हुआ फिर आज उजियारा।

मधुर सुर-ताल से सजकर, चली है काव्य की धारा। विजयश्री सत्य ने पायी, चलो अब साथ ही मिलकर, सियापति राम का तुम भी, लगा लो आज जयकारा। कवि मयंक शर्मा की अभिव्यक्ति थी कर पूर्ण प्रण वनवास का लौटे प्रभु निज धाम महकी अवध की हर दिशा गुंजित हुआ एक नाम, श्रीराम, श्रीराम, श्रीराम जय जय राम। दुष्यंत बाबा ने कहा - राम नाम की महिमा सुनकर जड़ चेतन हो जाते हैं। लिए थाल में हीरे मोती, जलधि सामने आते हैं। वरिष्ठ कवि ओंकार सिंह ओंकार के अनुसार - तुलसी में जैसे बसे, कमल नयन छवि धाम। अंतस में कभी और के, नहीं बसे श्रीराम।। कवयित्री मीनाक्षी ठाकुर ने रामधारा को आगे बढ़ाते हुए अपने भावों को इस प्रकार शब्द दिए - धर्म-ध्वजा लहराई नभ पर, कण - कण मानो राम हुआ। सदियों का उदबोधन है यह, मंगलमय आयाम हुआ। वरिष्ठ रचनाकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने वातावरण को इन शब्दों से रामरस में डुबोया - कृपासिंधु के रूप में, छवि धर ललित-ललाम। दिव्य अयोध्या में हुए, प्राण-प्रतिष्ठित राम।। जग में श्रद्धा-भाव से, करने जन-कल्याण हुआ भव्यतम दिव्यतम, मन्दिर का निर्माण।। वरिष्ठ कवयित्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने राम-रसधार इस प्रकार चलायी - कितनी पावन कहानी है श्री राम की। तुलसी ने लिख दी बानी है श्री राम की। अपहरण माता सीता का जब हो गया, दिखता आँखों में पानी है श्री राम की। कवि अशोक विद्रोही के अनुसार - अग्नि शिखाऐं सीता माँ को, किंचित जला नहीं पायीं। राम जल गये निर्मल जल में सरयू बीच गति पायी । भू से जन्मी सिया, सिया के, भू में प्राण समाये हैं। युवा रचनाकार आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ की अभिव्यक्ति थी राम अनंत है, राम अपार है राम प्रारम्भ है, राम विस्तार है, जिसने जैसा देखा उसने वैसा लिखा, राम ऐसे अद्भुत उद्गार है। वरिष्ठ गीतकार व शायर डॉ. कृष्ण कुमार नाज का कहना था - सोमवार बाईस जनवरी चौबिस इतना खास। लौटे राम अयोध्या नगरी खत्म हुआ वनवास कि घर-घर छाया है उल्लास।

# ब्राह्मण समाज का मुरादाबाद में बड़ा प्रदर्शन कमिश्नर को सौपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** ब्राह्मण समाज मुरादाबाद द्वारा प्रमुख मांगों को लेकर मुरादाबाद कमिश्नर के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन समान आयोग परशुराम जयंती अवकाश पर उग प्रावधानों पर पुनर्विचार की मांग को लेकर मुरादाबाद में सिविल लाइन स्थित अंबेडकर पार्क से एक जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा गया। इसमें प्रमुख रूप से श्रवण आयोग का गठन व परशुराम जयंती को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की मांग की एवं सामान्य वर्ग के छात्रों पर कार्रवाई के प्रधान को हटाने तथा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध कठिन उत्पीड़न एवं अन्यायपूर्ण घटनाओं की निष्पक्ष जांच की मांग भी की गई। ब्राह्मण मुरादाबाद महानगर की 500 से अधिक ब्राह्मण समाज के लोग एकत्रित हुए जिन्होंने मुरादाबाद की सड़कों पर जन सैलाब की तरह प्रदर्शन करते हुए कमिश्नर के ऑफिस पहुंचे ब्राह्मणों में आज एक नई ऊर्जा और नया जोश देखने को मिला। यह हकीकत




और सच्चाई है। ब्राह्मण समाज ने कहा कि एक वर्ग के लोगों को टारगेट किया जा रहा है यह सरकार में बहुत ही गलत द्वेष भाव से कार्रवाई हो रही है। जिसमें ब्राह्मण में एक रोष प्रकट होता जा रहा है। सरकार के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने कहा अगर ऐसे ही होता रहा तो आने वाले चुनाव में ब्राह्मण समाज को एक नई रुख, एक नई दिशा की तरफ जाना पड़ेगा ब्राह्मण समाज के इस प्रदर्शन में सभी ब्राह्मण समाज के संगठनों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। प्रदर्शन करने वालों में चंचल शर्मा, रजत शर्मा, रजत क्षत्रिय, गौरव शर्मा, संजय स्वामी, विनेश शर्मा, कृष्ण अवतार शर्मा, अर्जुन शर्मा, अनूप कौशल, रोहतास शर्मा, दुष्यंत कौशल, डॉ व्यास, अमित शर्मा राजू, दीपक शर्मा, नवम शर्मा, नितिन शर्मा, प्रभात शर्मा, गीता शर्मा, प्रियांशु जोशी, अरविंद मिश्रा, पंडित शरद शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रक चालकों को नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया



**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

आगरा में पुलिस उपायुक्त पश्चिमी और सहायक पुलिस आयुक्त एत्मादपुर ने यमुना एक्सप्रेसवे स्थित उत्तरी बाईपास कट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया और ट्रक चालकों को नियमों के पालन के लिए जागरूक किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

# जल शक्ति अभियान के तहत समीक्षा बैठक संपन्न




**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

आगरा में जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण को सशक्त करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्ज से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त केन्द्रीय भूजल बोर्ड, नई दिल्ली के वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित थे। केन्द्रीय भूजल बोर्ड के वैज्ञानिकों ने बैठक में बताया कि जिले के लिए तैयार भूजल रिचार्ज योजना के लिए ग्रामवार रिचार्ज जल संचयन व भूजल पुनर्भरण के कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जल संरक्षण के जो कार्य कराये जाने हेतु अवशेष हैं, उन्हें 31 मार्च, 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने निर्देश बैठक मे उपस्थित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये गये।

# स्योहारा में धारदार हथियार से हमला, चार आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरपुरी में गाली-गलौच के दौरान धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में वादी सहित उसके दो भाइयों को गंभीर चोटें आई थीं।



जानकारी के अनुसार 02 जनवरी 2026 को ग्राम मुकरपुरी निवासी धर्मपाल सिंह पुत्र ध्यान सिंह ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही कलुआ, विजय, दीपांशु और भूपेन्द्र सिंह ने उसके और उसके परिजनों के साथ गाली-गलौच करते हुए धारदार हथियार से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में धर्मपाल सिंह सहित उसके भाई बाबू और पुखराज गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा में मुकदमा अपराध संख्या 005/2026 धारा 109(1)/115(2)/352/351(3)/333/118(1) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। मेडिकल रिपोर्ट और घटनास्थल निरीक्षण के बाद धाराओं में वृद्धि की गई। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी और क्षेत्राधिकारी धामपुर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने चारों वांछित आरोपियों को एक लकड़ी के डंडे और लोहे की नुकीली पत्ती सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# नजीबाबाद तहसील में अवैध मिट्टी खनन जारी, प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही धज्जियां

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन खुलेआम धड़ल्ले से जारी है। हैरानी की बात यह है कि जिले के जिलाधिकारी द्वारा जेसीबी मशीन से खनन पर सख्त प्रतिबंध के स्पष्ट आदेश जारी किए जाने के बावजूद पोकलैंड और जेसीबी जैसी भारी मशीनों से लगातार मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा अवैध कारोबार शासन-प्रशासन की मिलीभगत से संचालित हो रहा है। खनन माफिया बेखौफ होकर दिन-रात मिट्टी का खनन कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। हाईवे के किनारे बड़े पैमाने पर कॉलोनियों के लिए भराव किया जा रहा है, जिससे नियमों की




अनदेखी के साथ-साथ सड़क सुरक्षा और पर्यावरण को भी गंभीर खतरा पैदा हो रहा है ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है और आसपास के खेतों, आबादी व जलस्तर पर भी इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है अवैध खनन को लेकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) द्वारा आज जिलाधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया। किसानों ने ज्ञापन में अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की ज्ञापन प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने शीघ्र ही टीम गठित कर जांच कराने तथा उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इसके बावजूद क्षेत्रवासियों की नजर अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है अब बड़ा सवाल यह है कि जब जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेश मौजूद हैं, तो फिर अवैध खनन आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है। क्या प्रशासन इस मामले में सख्त कदम उठाएगा या फिर खनन माफिया इसी तरह नियमों को ताक पर रखकर मिट्टी का अवैध कारोबार करता रहेगा यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

# रविन्द्र त्यागी उपाध्यक्ष बोर्ड फार वेटरन क्रिकेट इन इण्डिया का काशी मे हुआ भव्य स्वागत

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** कचनार राजातालाब में स्वामी सहजानन्द किसान महासभा के तत्वाधान में 21 जनवरी बुधवार को गाजियाबाद से आये रविन्द्र त्यागी उपाध्यक्ष बोर्ड फार वेटरन क्रिकेट इन इण्डिया का माल्यार्पण भव्य स्वागत किया गया रविन्द्र त्यागी ने कहा कि महादेव की अविनाशी काशी में किसानो और अधिवक्ताओ के स्वस्थ हेतु प्रोफेसनल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा किसान और अधिवक्ता देश की रीढ़ है इसलिये इसको स्वस्थ रखने हेतु सृजनात्मक



कार्य का आयोजन किया जायेगा स्वागत में प्रमुख रूप से विनय शंकर राय ₹मुन्ना₹,राजेश प्रसाद सिंह,गगन प्रकाश यादव,समीर सिंह ₹विशाल₹ प्रदीप त्यागी,विपिन कुमार (बॉबी ),विपिन सिरोही शशि राय,अभिषेक सिंह ₹सन्नी₹,कंचन मौर्या,धीरज झा,महेन्द्र यादव सहित इत्यादि लोग शामिल थे।

# हापुड़ में उपमुख्यमंत्री के द्वारा जिले में बन रही पुलिस लाइन एवं निर्माणाधीन जिला कारागार का किया निरीक्षण








**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

■ दस्तोई रोड स्थित जिला अस्पताल में बने इंटीग्रेटेड हेल्थ लैब का फीता काटकर किया उद्घाटन डिप्टी सीएम

**हापुड़।** जनपद में उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ब्रजेश पाठक के द्वारा जनपद में बन रही निमार्णाधीन पुलिस लाइन एवं निमार्णाधीन जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत दस्तोई रोड स्थित जिला अस्पताल में बने इंटीग्रेटेड हेल्थ लैब का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी महोदय सहित अन्य अधिकारियों द्वारा माननीय उप मुख्यमंत्री, विधायक गणों सहित अन्य गणमान्यों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री के द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाऐं एवं विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गयी।

उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री ब्रजेश पाठक जीएमडीआईसी को निर्देशित किया कि किसी भी उद्योगकर्ता को उनके कार्य में कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होने कहा कि एमएसएमई में पंजीकृत उद्यमी को मिलने वाली सभी सरकारी सुवधाऐं मुहैया करवाई जाएं, शासन स्तर पर उन्हें कोई भी समस्या ना आने पाएं साथ ही उन्हें माल के खरीद–फरोख्त में मदद की जाएं। उन्होने जल निगम को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति को शुद्ध जल उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है, इस सम्बंध में कोई भी कोताही ना बरती जाएं, कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किये जाने वालें कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाएं। जिन सड़कों को आपके द्वारा खराब किया जाता है उन्हें नियमानुसार सही करवाया जाएं। उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पंचायतों में पंचायती भवन बनाया जायें और सभी में पंचायत सहायक नियुक्त किये जाऐं। लोगों में बच्चों को शिक्षा सहित संस्कारवान बनाये जाने हेतु प्रेरित किया जाएं।

उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी स्वास्थ्य केन्द्र खुले रहे और उसमें स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहें, हर स्वास्थ्य केन्द्र पर सभी दवाईयां एवं स्टाफ उपलब्ध रहे। उन्होने कहा कि जहां चिकित्सक नहीं हैं वहां चिकित्सकों की भर्ती कराई जाएं। अस्पतालों में खराब वाहन व स्क्रैप को नियमानुसार त्वरित कार्यवाही से खत्म किया जाएं। वाहन चालकों हेतु निविदा निकालते हुए नियमानुसार भर्ती करवाई जाऐं। उन्होने नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया कि स्ट्रीट वेन्डरों को ऐसे स्थानों पर दुकान दी जाएं जहां उनकी दुकाने सही चलें और यातायात भी प्रभावित ना होने पाएं। सभी स्ट्रीट वेन्डरों के लिए किसी स्कीम के तहत एक समान दुकानें दिलवाई जाएं जिससे शहर की सुन्दरता बढ़ें और उन्हें भी सुविधा उपलब्ध हो। उन्होने सेतु निगम, जल निगम, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग सहित सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया कि जनपद की सभी सड़कों को गडढ़ा मुक्त किया जाएं, जहां कार्य रूका हुआ है उसे समयान्तराल में पूर्ण करवाया जाऐं। उन्होने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी बच्चें को स्कूलों में कोई असुविधा ना होने पाएं। बच्चों को ज्ञानवान के साथ–साथ संस्कारवान भी बनाया जाएं। स्कूलों में पीटी का पीरियड में खेल–कूद करायी जिससे, जिससे बच्चों का मानसिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास भी और बेहतर तरीके से हो। हमें जनपद हापुड़ को विकास के क्षेत्र में प्रदेश में ही नहीं अपितु देश में भी नम्बर वन पर लाना है। जनपद का हर युवा भविष्य में देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें इसके लिए हमें उसे अभी से तैयार करना है, यह हम सभी की जिम्मेदारी हैं। उन्होने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि जनपद में क्राइम ना बढ़े इसके लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएं। चौकी स्तर पर पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएं कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार से क्राइम ना होने पाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक सदर विजयपाल आढती, विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया, विधायक धौलाना धर्मेश सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष भाजपा कविता माधरे, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, हापुड़ पिलखवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष नितिन गौड़, मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### नगर निगम ने रिफाइनरी में चलाया जागरूकता अभियान



**मथुरा।** नगर निगम नेचर ग्रीन की आईईसी टीम द्वारा रिफाइनरी दिवस के अवसर पर बार्ड 27 टाउनशिप गेट स्थित मथुरा रिफाइनरी परिसर में प्रदीप कुमार वरिष्ठ मेंटेनेंस प्रबंधक सिविल रिफाइनरी के निर्देशन में एक प्रभावशाली स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने आवासीय क्षेत्रों में घर-घर जाकर सोर्स सेग्रीगेशन का लाइव प्रदर्शन किया।वहीं कमर्शियल एरिया में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को कचरे के सही पृथक्करण एवं उचित निस्तारण की प्रभावी जानकारी दी गई। प्रदीप ने कहा हम सबको स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक और सतर्क रहना चाहिए।स्वच्छता बनाए रखने में सभी का सहयोग जरूरी है। सभी कूड़े को उचित कूड़ेदान में कूड़े के स्थान पर ही डालें।इस दौरान ऑपरेशन अभिषेक बाजपेई प्रभारी सुरजीत सिंह, निशांत चौधरी जोनल,फरहान, वंदना आदि लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने एडीएम संदीप कुमार को सम्मान पत्र भेंट कर किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था की जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी के नेतृत्व में हापुड़ के अपर जिलाधिकारी (एडीएम) संदीप कुमार को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।सम्मान समारोह के दौरान संस्था से जुड़ी महिला ब्रिगेड की जिला सचिव प्राची खुल्लर, जिला कार्यालय अधीक्षक दीपिका त्यागी तथा युवा कमांड के जिला उपाध्यक्ष अनिल त्यागी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में वक्ताओं ने एडीएम संदीप कुमार के प्रशासनिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्य जनहित में प्रेरणादायक हैं।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी द्वारा माल्यार्पण व प्रेस वार्ता का आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़ (उत्तर प्रदेश)।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर दिनांक 23 जनवरी 2026 को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 10:30 बजे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा द्वारा कूचेसर रोड चौपला, हापुड़ स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।इसके पश्चात प्रातः 11:30 बजे ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेश कार्यालय, कूचेसर रोड चौपला, हापुड़ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा।मुख्य अतिथि पंडित गोपाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्षविशिष्ट अतिथि पंडित नरेश चंद शर्मा, प्रदेश कानूनी सलाहकार एडवोकेट अजय शर्मा, जिला अध्यक्ष हापुड़ प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश की कानून व्यवस्था, सोनू कश्यप हत्या कांड, किसानों के बकाया गन्ना भुगतान सहित अन्य जनहित के मुद्दों पर चर्चा कर पत्रकार बंधुओं, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित किया जाएगा।कार्यक्रम में प्रदेश, मंडल, जिला एवं शहर कमेटी के सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से समय पर पहुंचने की अपील की गई है।

## विधानसभा चांदपुर के ग्राम सिंघा में आजाद समाज पार्टी की बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**चांदपुर (बिजनौर)।** विधानसभा चांदपुर क्षेत्र के ग्राम सिंघा में आजाद समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने की, जबकि बैठक का संचालन कृष्णा कुमार द्वारा किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मोहम्मद ताहिर ने कहा कि आजाद समाज पार्टी समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने संगठन को ग्राम स्तर तक मजबूत करने पर जोर देते हुए कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति, सदस्यता अभियान और जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यकताओं ने क्षेत्र की समस्याओं से नेतृत्व को अवगत कराया, जिस पर पार्टी पदाधिकारियों ने समाधान के लिए हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर राजवीर सिंह (जिला उपाध्यक्ष), जाकिर भाई, आरिफ भाई, अफ्फान, शाहरुख, अलाउद्दीन भाई, ग्राम प्रधान नवाब खान तथा केशव मोंटी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## माता बृजलेश कुमारी की सुरक्षा में मिला गनर माता के स्थान पर पुत्र यश प्रताप सिंह की सुरक्षा में लगा

**बुलंदशहर।** बृजलेश कुमारी पत्नी स्वर्गीय विजय प्रताप निवासी बैलोंन थाना नरौरा बुलंदशहर को सुरक्षा हेतु शासन से मिला हुआ है। परन्तु गनर शासन के आदेश का उलंघन कर बृजलेश कुमारी के स्थान पर उनके पुत्र यश प्रताप सिंह की सुरक्षा कर रहा। बृजलेश कुमारी की सुरक्षा में लापरवाही होने पर जिम्मेदार होगा कौन, गनर या यश प्रताप सिंह, सोचने का विषय। यह यश प्रताप सिंह की दबंगई समझे या गनर की लापरवाही, जांच में होगा खुलासा, बैलोन मंदिर के कमेटी सदस्य यश प्रताप पुत्र विजय प्रताप पर अनेक मुकदमे दर्ज होने का लगाया आरोप। ललित उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय हरिओम उपाध्याय निवासी गांव पहलवान द्वारा जिलाधिकारी श्रुति को शिकायती पत्र देकर यश प्रताप सिंह एवं गनर पर कार्यवाही कराने की रखी मांग।

## गांव दौलता और अछनेरा में लगा केएम का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** केएम हॉस्पिटल के सौजन्य से वृंदावन चन्द्रोदय मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक स्वामी अनंत वीर्य जी महाराज के सानिध्य में इन दिनों निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर गांव गांव लगाये जा रहे है, जिसमें वरिष्ठ डाक्टर्स बीमारों का निःशुल्क इलाज व परामर्श के साथ दवाई भी मुफ्त दे रहे है। लाभान्वित मरीज केएम हॉस्पिटल के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा कर रहे है।

इसी श्रृंखला में केएम अस्पताल ने गांव दौलता के पंचायत घर में डॉ. मनन, डा. अंकिता सिंह, डा. राजलक्ष्मी ने सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। इसके अलावा केएम हॉस्पिटल ने अछनेरा स्थित लक्ष्मन मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें डा. तन्मय डा. आशीष, डा. अंकिता सिंह, डा. लक्ष्य ने निःशुल्क परामर्श के साथ फ्री जांच, दवाएं वितरित की।

ब्रज में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने वाले केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल तथा चन्द्रोदय मंदिर संस्थान संयुक्त रूप से पिछले कई महीनों से गांव-गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीब तबके के लोगों को उनके घर व गांव में अच्छे स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क परामर्श के साथ जांच एवं दवाएं निःशुल्क दी जा रही है। केएम और चन्द्रोदय मंदिर अब तक 33 गांवों में शिविर लगाया जा चुका है, जिसमें हजारों की संख्या में मरीज लाभान्वित हुए है। आगे भी इसी तरह से बचे हुए ग्रामीण अंचलों में कैम्प लगाए जाएंगे जिसका मेरे ब्रजवासी लाभ उठाकर स्वयं को स्वस्थ कर सकते है।

## युवा प्रतिभा महोत्सव में छात्र-छात्राओं की कबड्डी टीम ने दिखाया दमखम

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** शहर के प्रतिष्ठित श्री सिद्दी विनायक महाविद्यालय में आयोजित युवा प्रतिभा महोत्सव में दूसरे दिन बुधवार को छात्र-छात्राओं के वर्ग का कबड्डी मैच का रोमांचक आयोजन हुआ। कबड्डी मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर एवं अध्यात्म पीठ चंद्र सरोवर के पीठाधीश्वर पूर्ण प्रकाश कौशिक द्वारा गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया। साथ ही कबड्डी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथियों ने कहा कि विद्यार्थी जीवन का खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है। आज के समय में खेल जितना स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, उतना ही खेल का महत्व पढ़ाई में भी है। खेल महोत्सव के दूसरे दिन बालक एवं बालिका वर्ग में कबड्डी के मैच कराये गये। जिसमें महिला वर्ग के फाइनल मैच वात्सल्य पब्लिक स्कूल गोवर्धन ने जीता। दीनदयाल इंटर कॉलेज अडींग की टीम उपविजेता रही।

बालिका वर्ग टीम के अन्य मैच कुलदीपक पब्लिक गोवर्धन, रामचन्द्र इंटर कॉलेज, शांतनु बिहारी इंटर कॉलेज, दीनदयाल इंटर, वात्सल्य इंटर कॉलेज व अन्य दर्जनों टीमों के बीच जोरदार कांटे के मुकाबले हुये।

आगुंतकों का स्वागत डायरेक्टर नंद किशोर शर्मा एडवोकेट, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, सचिव श्रीमति मधु शर्मा, सह निदेशक सतीश शर्मा, विपुल शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर किया। रेफरी की भूमिका पीटीआई दिलीप यादव ने निभाई। विधि विभागाध्यक्ष भारत उपाध्याय एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के तहत अमसरकोट व रावतसेरा में आयोजित हुआ बहुद्देशीय शिविर

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के नेतृत्व में सरकार द्वारा आमजनता से बेहतर सामंजस्य हेतु जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम विभिन्न न्यायपंचयतो में आयोजित किए जा रहे हैं।जिसमें सरकार द्वारा कार्यक्रमो की समीक्षा कर जनसमस्याओं का समाधान किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने जन समस्याओं के समाधान हेतु सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमसरकोट एवं प्राथमिक विद्यालय रावतसेरा में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया। दोनों शिविरों में कुल 945 लोगों ने प्रतिभाग किया तथा बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।अमसरकोट में आयोजित शिविर की जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में तथा रावतसेरा में उपजिलाधिकारी कांडा डॉ.ललित मोहन तिवारी की अध्यक्षता में शिविर संपन्न हुआ। शिविरों के दौरान कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए गए।


जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने आमजन से अपील की कि शिविरों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही जानकारी का अधिकतम उपयोग करें तथा सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से भली-भांति परिचित हों। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की प्रभावी ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाए तथा सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शिविर में जौलकांडे के पूर्व प्रधान दरवान सिंह बिष्ट ने गिरेछिना मोटर मार्ग से रोडवेज बस का संचालन करने की मांग तथा अन्य समस्याओं के निदान की मांग की।जिस पर जिलाधिकारी ने तकनीकी पहलुओं के आधार पर जल्द क्षेत्रीय लोगों को रोडवेज सेवा का लाभ दिलाने हेतु प्रयास करने का भरोसा दिया।

जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को रचनात्मक एवं नवाचारपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। अमसरकोट में आयोजित शिविर में गंगा बिष्ट, उपाध्यक्ष, राज्य महिला उद्यमिता परिषद ने भी प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार जैसे शिविर सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जो प्रशासन को सीधे आमजन तक पहुँचाने और उनकी समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम बनते हैं। पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमार आदित्य तिवारी, नोडल अधिकारी आशीष शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्या सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



# अपनी मांगों पर अड़े भाकियू अन्नदाता के किसान, नहीं दिया उपजिलाधिकारी को ज्ञापन



वेलकम इंडिया

मथुरा। भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के किसानों ने छठवें दिन भी बुधवार को अपनी मांगों को लेकर तहसील महावन के गांव किशनपुर में यमुना एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे धरना जारी रखा।

धरने में महावन उपजिलाधिकारी कंचन गुप्ता किसानों के मध्य पहुंची और किसानों से उनकी समस्याओं को लेकर समाधान पर चर्चा की लेकिन किसान समस्त मांगों के समाधान पर अड़े रहे तथा उपजिलाधिकारी को अपनी मांगों के ज्ञापन को नहीं सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जे एस जाट एवं प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने बताया कि किसानों की 19 सूत्रीय मांगे हैं जिसमें से केवल 2 मांगों पर तहसील स्तर पर समाधान करने पर महावन उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया। जिस पर नाराज किसानों उनको ज्ञापन देने से मना कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने कहा कि हमारी प्रमुख मांग है कि तहसील स्तर पर अवैध कॉलोनियां पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा एक साल से अपनी घरौनी का इंतजार कर रहे किसानों को उनकी घरौनी दी जाय। तहसील का किसान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से किसान वंचित है हमारी मांगे प्रशासन नहीं मानेगा तो भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता का धरना जारी रहेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मंदबुद्धि युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव भारसी में स्थित एक ईंट भट्ठे से एक मंदबुद्धि किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर मंदबुद्धि किशोरी को बरामद किए जाने की मांग की है। पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव हाथी करोदा निवासी जहीर क्षेत्र के गांव भारसी में स्थित नीटू के ईंट भट्ठे पर अपने परिवार के साथ मजदूरी करने का कार्य करता है। बुधवार को पीड़ित की 18 वर्ष से मंदबुद्धि पुत्री तानिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी मंदबुद्धि युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर मंदबुद्धि युवती को बरामद किए जाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए संदिग्ध परिस्थितियों में लापता मंदबुद्धि किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

# एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं निशुल्क वर्चुअल ओपीडी का आयोजन



वेलकम इंडिया

मलिहाबाद। क्षेत्र के जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने और गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से श्री गोपेश्वर गौशाला राष्ट्र सेविका समिति आरएसएस और सूर्यदेव लक्ष्मी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं निशुल्क वर्चुअल ओपीडी का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुँचकर स्वास्थ्य लाभ लिया।शिविर का मुख्य केंद्र कैंसर जागरूकता रहा। आधुनिक तकनीक और वर्चुअल माध्यम से विशेषज्ञों ने ओरल कैंसर मुंह का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर की पहचान व बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वक्ता स्वांत रंजन अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख, आरएसएस, विशिष्ट अतिथि के. सीता अखिल भारतीय सह-संपर्क प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति, डॉ. एमएलबी भट्ट निदेशक, कल्याण सिंह कैंसर संस्थान, पद्मश्री डॉ. शादाब मोहम्मद विभागाध्यक्ष, केजीएमयू, और डॉ. सुमित रुंगटा विभागाध्यक्ष गैस्ट्रो मेडिसिन, केजीएमयू, प्रख्यात उद्योगपति शरद जैन, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह, डायरेक्टर पंकज गुप्ता और पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रहे।

मुख्य वक्ता स्वांत रंजन ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के उपचार में गौमाता के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए लोगों को जागरूक किया।

इसी अवसर पर प्रमुख सचिव पशुपालन मुकेश मेश्राम की उपस्थिति और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में गौशाला से खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का भी औपचारिक शुभारंभ किया और गौशाला पर आदर्श कुशल प्रबंधन हेतु उमाकांत गुप्ता को बधाई दी। शिविर में आए लोगों ने न केवल अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया बल्कि गंभीर रोगों से बचाव के प्रति संकल्प भी लिया।

## सार संक्षेप

### विधायक पुत्री ने जरूरतमंद लोगों वितरण की कंबल



संदीप तिवारी/ वेलकम इंडिया

मिजार्मुराद कछवारोड़। सेवापुरी ब्लॉक के गुड़िया गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में बुधवार की दोपहर में सेवापुरी विधायक नीलरतन सिंह पटेल 'नीलू की पुत्री प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल के द्वारा गांव के गरीब, असहाय, विधवा और विकलांग सौ लोगों में ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण किया गया।अदिति सिंह पटेल ने कहां की आप सभी ठंड से बचा के रहे बिना काम के बाहर न निकले अगर बहुत जरूरी है तभी बाहर जाए।इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रशेखर बिन्द, विधायक प्रतिनिधि रामविलास पटेल, अंकुश, कृष्णा, आनंद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### दुष्कर्म में फरार चल रहा आरोपी युवक गिरफ्तार, गया जेल



वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी

मिजार्मुराद कछवारोड़। मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दी। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि करधना चौकी प्रभारी अजित मिश्रा क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी समय मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बेनीपुर नहर मार्ग पर युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला युवक मौजूद है कही भागने के फिराक में लगा है अगर जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है।जिसपर चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर आरोपी युवक रोहनिया थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी सदानंद को गिरफ्तार कर लिये।पुलिस ने बताया कि मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती द्वारा युवक समेत सात लोगों के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया था।अन्य आरोपियों की तलाश किया जा रहा है जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में करधना चौकी प्रभारी अजित मिश्रा, एसआई प्रेम कुमार, कांस्टेबल पीयूष व ऋतुराज रहे।

### शराबी युवक ने चाची को मारपीट कर किया घायल



कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील महिला ने परिवार के युवक पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी सतवीर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका भतीजा आए दिन शराब का सेवन करता है और लोगों के साथ गाली गलौज करता है। बुधवार को सतबीर के भतीजे ने जमकर शराब पी और अपनी चाची रजनी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोप है कि शराबी युवक ने पीड़िता को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आस-पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। आस-पड़ोस के लोगों को मौके पर आता देख शराबी युवक मौके से फरार हो गया। पीड़िता के परिजनों ने पीड़िता को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जगदीशपुर: मनरेगा बचाओ अभियान की चौपाल संपन्न




वेलकम इंडिया

जगदीशपुर। ब्लॉक जगदीशपुर के न्याय पंचायत सिंदुरवा अंतर्गत कोईलारा ग्राम सभा में आज मनरेगा बचाओ अभियान के तहत एक चौपाल का सफल आयोजन किया गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ के बीच इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक राधेश्याम एवं ब्लॉक अध्यक्ष पवन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रमुख वक्ताओं का संबोधन कार्यक्रम की शुरूआत ग्रामीणों द्वारा मनरेगा योजना के महत्व पर चर्चा से हुई।

पूर्व विधायक राधेश्याम ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि मनरेगा मजदूरों का संवैधानिक हक है, जिसे कमजोर करने की साजिश रुकनी चाहिए।

ब्लॉक अध्यक्ष पवन मिश्रा ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि यह अभियान पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व में चल रहा है, जो ग्रामीण रोजगार की रक्षा के लिए है।ग्रामीणों की मांगें मनरेगा के 100 दिन पूरे मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित हो।

कार्यस्थलों पर भ्रष्टाचार रोकने हेतु पारदर्शिता लाई जाए।ग्रामीण विकास योजनाओं में मनरेगा का अधिकतम उपयोग हो।चौपाल में दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं साझा कीं तथा अभियान को समर्थन देने का संकल्प लिया।

अभियान का व्यापक असर यह चौपाल जगदीशपुर ब्लॉक में चल रहे मनरेगा बचाओ संग्राम की कड़ी है। हाल ही में खैरियातपुर गांव में भी इसी प्रकार का आयोजन पवन मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ था। कांग्रेस कार्यकताओं ने घोषणा की कि आगामी दिनों में और ग्राम सभाओं में ऐसी चौपालें लगेंगी।

## एसपी के निर्देश पर वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा



कांधला। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी सन्नी पुत्र शिव कुमार के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। बुधवार को पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों के अनुपालन में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में शेष वारंटियों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## 108 एंबुलेंस की तत्परता से बची वृद्ध महिला की जान, परिजनों ने की सराहना



वेलकम इंडिया

कांधला। (मोहसिन रहमानी) थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक वृद्ध महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के कर्मचारी मात्र कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गए और वृद्ध महिला को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।एंबुलेंस में ले जाते समय महिला की हालत और अधिक बिगड़ने लगी।

इस दौरान एंबुलेंस चालक संदीप तथा ईएमटी अभिषेक तोमर ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस में उपलब्ध ऑक्सीजन व अन्य आवश्यक चिकित्सीय उपकरणों की सहायता से प्राथमिक उपचार दिया, जिससे महिला की जान बचाई जा सकी। इसके बाद महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।ईएमटी अभिषेक तोमर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव सुन्ना निवासी वृद्ध महिला सेवी पत्नी हरिकिशन की तबीयत अचानक खराब हो गई है। सूचना मिलते ही टीम निर्धारित समय से पहले मौके पर पहुंची और समय रहते उपचार देकर महिला की जान बचाने में सफलता मिली।

# ट्यूबवेलों पर चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद



वेलकम इंडिया

कांधला। (मोहसिन रहमानी) कस्बे की जन्नत कॉलोनी में एक सप्ताह पूर्व आधा दर्जन से अधिक ट्यूबवेलों पर चोरी के मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े के चोर के कब्जे से ट्यूबवेलों से चोरी किए गए सामान सहित चोरी करने के उपकरण बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

एक सप्ताह पूर्व कस्बे के मोहल्ला गुजरान निवासी शाहरुख जंग पुत्र साजिद जंग ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि उसके खेत जन्नत कॉलोनी के निकट स्थित है। आरोप है कि अज्ञात चोरों ने पीड़ित के खेत सहित आधा दर्जन से अधिक किसानों की ट्यूबवेलों से लाखों रुपए के सामान को चोरी कर लिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार की शाम को पुलिस ने चेकिंग के दौरान ट्यूबवेलों से चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पकड़े गए चोर के कब्जे से एक अवैध चाकू, एक किलो 350 ग्राम तांबे का तार, एक प्लास, दो पेचकस, एक नट खोलने की चाबी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम आसिफ उर्फ गोलू पुत्र नासिर निवासी मोहल्ला गुजरान थाना का कांधला बताया है।

पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए चोर ने किसानों की ट्यूबवेलों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए चोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

# नाटक रंगा धुर्वा ने उजागर किया विकास और राजनीति का रक्तरंजित सच



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

मेरठ। माधवपुरम स्थित बहता नीर स्टूडियो में एक्स्ट्रा एन ऑर्गेनाइजेशन, प्रयागराज एवं कम्युनिटी थिएटर टोंक सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में नाट्य प्रस्तुति बहता नीर के अंतर्गत नाटक रंगा धुर्वा का सफल मंचन किया गया।सोनू यादव द्वारा लिखित एवं निर्देशित इस नाटक ने बस्तर की पृष्ठभूमि के माध्यम से विकास और राजनीति के पीछे छिपे रक्तरंजित और अमानवीय सच को प्रभावशाली ढंग से दशार्या।

मंच पर रंगा धुर्वा के मुख्य किरदार में अरुण कटारिया ने अपने सशक्त और जीवंत अभिनय से एक ऐसी जिंदा लाश की पीड़ा को साकार किया, जो व्यवस्था की गुलामी और अपने ही गुनाहों के बोझ तले दबा हुआ है।

नाटक में यह स्पष्ट किया गया कि किस प्रकार राजनीति इंसान को भूख की आड़ में पालतू बना देती है और धर्म का सहारा लेकर रोटी के बदले नफरत बाँटने का कार्य करती है। कथा, संवाद और मंचीय प्रस्तुति ने दर्शकों को गहरे आत्ममंथन के लिए विवश कर दिया।प्रस्तुति के तकनीकी पक्ष को भी दर्शकों ने सराहा। सबिता एकांशी द्वारा लिखे गए गीत और उनके गायन ने रंगा के मानसिक द्वंद्व को प्रभावी ढंग से उभारा। संगीत में श्री कृष्ण नीरज एवं सोनू यादव का सहयोग रहा, जबकि प्रकाश परिकल्पना कृष्ण नीरज द्वारा की गई। मंचन में अजीत बहादुर, राजकुमार रजक, रैनाराहा रजक एवं हरमेंद्र सरताज का विशेष सहयोग रहा। नाटक के समापन पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों के अभिनय और प्रस्तुति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## इलाज के बहाने तंत्र क्रिया करने वाला तांत्रिक छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

कांधला। (मोहसिन रहमानी) पुलिस ने इलाज के नाम पर तंत्र क्रिया करने वाले एक तांत्रिक को महिला से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने 31 दिसंबर को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र की तबीयत खराब चल रही थी। इसी दौरान उसे जानकारी मिली कि जनपद बागपत के मोहल्ला घोसियान निवासी यूसुफ पुत्र मुंशी तंत्र-मंत्र के माध्यम से इलाज करता है।

पीड़िता अपने पुत्र को लेकर उसके पास इलाज के लिए गई थी। आरोप है कि आरोपी ने तंत्र-मंत्र से इलाज करने का आश्वासन दिया और बाद में पीड़िता के घर पहुंचकर उसके पुत्र के इलाज के बहाने महिला के साथ छेड़छाड़ की। घटना से आहत पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को एलम चौकी प्रभारी विपिन मलिक ने पुलिस टीम के साथ आरोपी यूसुफ को एलम बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

# अंडर-19 क्रिकेट लीग: हापुड़ ने बुलंदशहर को तीन विकेट से हराया, रवि सैनी बने मैन ऑफ द मैच



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को आयोजित चार दिवसीय अंडर-19 क्रिकेट लीग का भव्य शुभारंभ हुआ। लीग का पहला मुकाबला हापुड़ और बुलंदशहर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें हापुड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुलंदशहर को तीन विकेट से पराजित किया। यह क्रिकेट लीग वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल त्यागी के जन्मदिवस व स्मृति में आयोजित की जा रही है, जिसमें हापुड़, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर की टीमें भाग ले रही हैं।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बुलंदशहर की टीम 33.3 ओवर में 181 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बुलंदशहर की ओर से अमन राजपूत (69 रन) और सुख मंगल (46 रन) ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। हापुड़ की गेंदबाजी में रवि सैनी ने 3 विकेट, तुषार यादव ने 2 विकेट, जबकि अंकित सहवाग और प्रियांशु कश्यप ने दो-दो विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करते हुए हापुड़ की टीम ने 7 विकेट खोकर 184 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। हापुड़ की ओर से अभिजीत सिंह (54 रन), श्रेष्ठ कसाना (35 रन), तनिष्क शर्मा (25 रन) और आदित्य सिसोदिया (23 रन) ने अहम योगदान दिया। बुलंदशहर की ओर से काजिम ने 2 विकेट झटके।शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए हापुड़ के रवि सैनी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।क्रिकेट अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक : डॉ. नितिन गौड़ चार दिवसीय क्रिकेट लीग का उद्घाटन हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. नितिन गौड़ और भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने किया।इस अवसर पर डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना का प्रतीक है। यह हमें जीत में विनम्रता और हार में धैर्य रखना सिखाता है।

## ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने सभी राज्य सरकारों से

# 22-23 जनवरी की बैठक में विद्युत (संशोधन) बिल एवं बिजली के निजीकरण का विरोध करने की अपील की

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (अकढएऋ) ने सभी राज्य सरकारों से अपील की है कि वे 22झ23 जनवरी को होने वाली राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में प्रस्तावित विद्युत (संशोधन) बिल और बिजली के निजीकरण के प्रयासों के खिलाफ एकजुट और दृढ़ रुख अपनाएँ।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, के पदाधिकारी सुनील प्रजापति ने कहा कि अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन केंद्र/राज्य सरकारों और कार्पोरेट घरानों के बीच बिचौलिया का काम कर रही है। आज दिल्ली में इसी अभियान के तहत ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन का पहला वार्षिक महाधिवेशन हो रहा है। सभी राज्यों के विद्युत वितरण निगमों के सी एम डी/एम डी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। 22 ,23 जनवरी को होने वाली ऊर्जा मंत्रियों की मीटिंग के पहले यह निजीकरण के निर्णय के लिए लॉबिइंग करने की सुनियोजित पहल है।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भेजे गए पत्र में कहा है कि प्रस्तावित बिल के प्रावधान राज्य विद्युत वितरण निगमों की वित्तीय सेहत, संघीय ढाँचे, उपभोक्ता हितों तथा देश के सार्वजनिक बिजली तंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

संघर्ष समिती के पदाधिकारी प्रिंस गुप्ता कहा कि यह बिल निजी कंपनियों को बिना किसी निवेश के सार्वजनिक धन से निर्मित नेटवर्क का उपयोग करने और केवल उच्च-राजस्व वाले औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को चुनकर सेवा देने की अनुमति देता है। इससे राज्य की वितरण कंपनियाँ गहरे आर्थिक संकट में पहुँच जाएँगी।

## खेत से पाइप चोरी करने वाला दोषी करार, चार माह की सजा और पाँच सौ रुपये जुर्माना

**बुलंदशहर।** प्रभावी पैरवी के जरिए बुलंदशहर पुलिस ने चोरी के एक मामले में आरोपी को सजा दिलाने में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना गुलावठी क्षेत्र में वर्ष 2023 में खेत से पाइप चोरी की घटना के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए चार माह के कारावास और पाँच सौ रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त शमशाद उर्फ बन्टी निवासी कामरा थाना सिकंद्राबाद ने वर्ष 2023 में तरुणवीर सिंह निवासी ग्राम ईसापुर, थाना गुलावठी के खेत से पाइप चोरी किए थे। इस संबंध में 30 अप्रैल 2023 को थाना गुलावठी पर मुकदमा दर्ज किया गया था और 22 दिसंबर 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसके बाद मॉनीटरिंग सेल बुलंदशहर द्वारा मामले की निगरानी करते हुए न्यायालय में सशक्त और प्रभावी पैरवी कराई गई।

# सीवर व सफाई व्यवस्था के लिए निगम ने खरीदे एक दर्जन से अधिक नये वाहन

## महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज गैराज से एक दर्जन से अधिक नये वाहनों को हरी झंडी दिखाकर महानगर के लिए रवाना किया। इन वाहनों में टैज्क्टर ट्रॉली, बैकहोलोडर, सक्शन मशीन, पानी के टैंकर व हॉपर टिपर डंपर आदि शामिल रहे।

शहर की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए नगर निगम द्वारा वाहन खरीदे गए है। आज गैराज परिसर में महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ने इन वाहनों की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर वाहनों का महानगर के लिए लाकार्पण किया गया, तत्पश्चात हरी झण्डी दिखाकर महानगर के लिए रवाना किया गया। इन वाहनों में सीवर सफाई के लिए चार सक्शन मशीन के अलावा एक बैकहोलोडर, 3 टैज्क्टर, 5 ट्रॉली, एक हॉपर टिपर डंपर आदि शामिल है। गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन ने बताया कि इनमें कुछ वाहन स्मार्ट सिटी के माध्यम से खरीदे गए है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि शहर में कूडा एकत्रीकरण एवं निस्तारण तथा सीवर सफाई व्यवस्था के साथ शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम द्वारा कुछ वाहन खरीदे गए हैं। इससे नगर निगम की सफाई व्यवस्था और सुदृढ होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर को साफ सुथरा एवं व्यवस्थित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और नये वाहनों की खरीद उस दिशा में एक ठोस कदम है। इस दौरान उपसभापति मयंक गर्ग, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, जेडएसओ राजीव चौधरी, गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन, नगर लेखा परीक्षक अजमैन वारसी, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व परमानंद आदि शामिल रहे।

## सफाईकर्मी के साथ गाली गलौज, पीड़ित ने दी तहरीर

**सेमरियावा(संतकबीरनगर)।** दुधारा थाना क्षेत्र के गांव पिपराहंकार में सफाईकर्मी के साथ गाली गलौज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने मुकामी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली खलीलाबाद के ग्राम गौरापार निवासी राम निवास गौड़ पुत्र राम प्रसाद गौड़ ने दुधारा थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि वह सेमरियावा ब्लाक के गांव पिपराहंकार में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत हैं। दिनांक 20 जनवरी को 2.30 बजे वह पिपराहंकार में राम प्रकाश कन्नौजिया, हरिओम कन्नौजिया पुत्रगण हंसराज कन्नौजिया के घर के सामने नाली की सफाई कर रहे थे कि ये दोनों अनायास आकर मुझे माँ- बहन की गंदी गन्दी गाली देने लगे जब गाली देने से मना किया तो झगड़ा करने पर आमादा हो गये तथा कहने लगे कि तुम्हे दलित उत्पीड़न का मुकदमा लगवाकर जेल भेजवा देंगे। यहाँ से भाग जाओ। दुबारा यदि मेरे गांव में दिखाई दिये तो जान से मार देंगे। इससे प्रार्थी मानसिक रूप से दुखी और सहमा हुआ है। पीड़ित ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## निकुंजवासी भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) का अष्टदिवसीय सप्तम पुण्य स्मृति महोत्सव 23 जनवरी से



**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित यशोदानंदन धाम में श्रीराधाकृष्ण प्रेम संस्थान(रजि.) के द्वारा निकुंजवासी भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) का अष्टदिवसीय सप्तम पुण्य स्मृति महोत्सव 23 से 30 जनवरी 2026 पर्यंत विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी ४यूपी रत्न४ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 23 से 30 जनवरी 2026 पर्यंत अपराह्न 02 से सायं 06 बजे तक प्रख्यात भागवताचार्य विपिन बापू महाराज अपनी सरस वाणी में श्रीमद्भागवत कथा का रसास्वादन कराएंगे। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि 27 जनवरी को प्रातः 09 बजे से श्रीहनुमद् आराधन मंडल परिवार द्वारा संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा।जिसके मनोरथी श्रीमती विमला देवी एवं देवकीनंदन अग्रवाल (मुम्बई) हैं।इसके अलावा 30 जनवरी को हवन-पूर्णाहुति होगी।तत्पश्चात संत-ब्रजवासी- वैष्णव सेवा एवं महाप्रसाद (भंडारा) आदि के कार्यक्रम होंगे। महोत्सव के मुख्य यजमान श्रीमती कृष्णा एवं डॉ. सनत कुमार शर्मा (रूपहडिया) ने सभी भक्तों -श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## मथुरा आकाशवाणी से डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 23 जनवरी को



**वृन्दावन।** ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) के मथुरा-वृन्दावन केंद्र से नगर के युवा साहित्यकार एवं आध्यात्मिक पत्रकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 23 जनवरी 2026 को किया जाएगा।इस बारे में जानकारी देते हुए आकाशवाणी मथुरा-वृन्दावन केंद्र के कार्यक्रम निष्पादक डॉक्टर देवेंद्र सारस्वत ने बताया है कि ४बसंत पंचमी का सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व४ विषय पर युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण केंद्र से ४वनिता लोक४ कार्यक्रम के अंतर्गत 23 जनवरी 2026 को दोपहर 01:15 बजे किया जाएगा। यह प्रसारण 10 मिनट का होगा। जिसे आप सभी श्रोतागण आकाशवाणी के एफ.एम. चैनल संख्या 102.20 पर श्रवण कर सकते हैं।

## दौलतपुर में युवक पर धारदार हथियारों से हमला गंभीर घायल, रिपोर्ट दर्ज पुलिस जांच में जुटी

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां में मामूली विवाद को लेकर घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच मे जुट गई हैं। दौलतपुर कलां निवासी मनोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता धर्मवीर सिंह बाजार से सामान लेकर बाईक से घर लौट रहे थे।

# प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 50 किलोग्राम महुआ लहन किया गया नष्ट

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आज बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की गई।

जिला आबकारी अधिकारी के कुशल निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मेहदावल बसंत प्रसाद के नेतृत्व में मय स्टॉप तथा थाना मेहदावल की पुलिस टीम द्वारा ग्राम-भिडौरा पिकौरा तथा उसके आस पास के क्षेत्रों में दबिश दिया गया। दबिश के दौरान लगभग 50 किलोग्राम महुआ लहन बरामद किया गया।

संयुक्त टीम की इस योजनाबद्ध कार्रवाई के दौरान गांव के सुनसान स्थानों और संभावित ठिकानों की गहन तलाशी ली गई। दबिश के दौरान अवैध रूप से तैयार किया जा रहा करीब 50 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर बरामद हुआ। आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए बरामद लहन को तत्काल मौके पर ही नष्ट कर दिया गया तथा एक अभियोग पंजीकृत किया गया। जिससे अवैध कच्ची शराब के निर्माण की कोशिशों को पूरी तरह विफल कर दिया गया। इस अचानक हुई कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लंबे समय से प्रशासन की नजर से बचकर कच्ची शराब का धंधा करने वाले तत्वों को इस कार्रवाई से कड़ा संदेश मिला है कि अब किसी भी कीमत पर गैरकानूनी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में आबकारी और पुलिस की सक्रियता चर्चा का विषय बनी रही। अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें अवैध शराब के सेवन से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया। साथ ही यह अपील की गई कि यदि कहीं भी अवैध शराब का निर्माण या बिक्री हो रही हो तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद को अवैध शराब मुक्त बनाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए निगम ने खोली नयी विंडो

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** नगर निगम ने जन्म मृत्यु विभाग में आने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए निगम परिसर में आज एक नयी विंडो तथा विश्राम कक्ष की शुरूआत की गयी। शुभारंभ महापौर डॉ.अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने रिबन काटक्र किया।

जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए विभाग में भारी भीड़ को देखते हुए निगम परिसर में आवेदन जमा कराने के लिए नगर निगम द्वारा एक नयी विंडो स्थापित की गयी थी। आज निगम परिसर में ही एक और विंडो स्थापित की गयी।

अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने बताया कि इस विंडो में दो काउण्टर शुरू किये गए है। एक काउण्टर पर वर्ष 2005 से वर्ष 2025 तक जन्म प्रमाण पत्र सम्बंधी कार्य सम्पादित किये जायेंगे जबकि दूसरे काउण्टर पर 31 दिसंबर 2025 से पूर्व तक के मृत्यु प्रमाणपत्रों से सम्बंधित कार्य किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि निगम में आने वाले आवेदनकताओं व प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आने वाले लोगों के लिए एक विश्राम कक्ष भी बनाया गया है। इसी विश्राम कक्ष के एक हिस्से में डाक डिस्पैच की व्यवस्था भी की जायेगी। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज नयी विंडो का शुभारंभ व विश्राम कक्ष का रिबन काट कर लोकार्पण किया। महापौर व नगरायुक्त ने लोगों की सुविधाओं के लिए अनेक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर उप सभापति मयंक गर्ग, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन, मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद व इद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## मारपीट के आरोपी को नौ माह की सजा, 1500 रुपये जुर्माना

**बुलंदशहर।** जनपद में लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी के जरिए पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सलेमपुर क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुई मारपीट और गाली-गलौच की घटना के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए नौ माह के कारावास और 1500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार आरोपी रणवीर सिंह निवासी ग्राम रजपुरा, थाना सलेमपुर ने 25 मार्च 2022 को प्रमोद शर्मा निवासी ग्राम केलावन के साथ मारपीट और गाली-गलौच की थी। इस संबंध में थाना सलेमपुर पर मुकदमा दर्ज किया गया था और 29 अप्रैल 2022 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसके बाद मामले की लगातार निगरानी करते हुए मॉनीटरिंग सेल बुलंदशहर द्वारा न्यायालय में सशक्त और प्रभावी पैरवी कराई गई। परिणामस्वरूप 20 जनवरी 2026 को न्यायाधीश अर्चना सिंह ने आरोपी रणवीर सिंह को दोषी पाते हुए नौ माह के कारावास और 1500 रुपये के जुमार्ने से दंडित किया।

## समाजवादी पार्टी एसआइआर कार्य में भी अपने बीएलए कार्यकर्ताओं की ताकत से उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी: राम अचल राजभर



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीए के महानायक अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संगठन द्वारा मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए कार्यकताओं और नेताओं द्वारा सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा हैं इसी कड़ी में वाराणसी में समाजवादी पार्टी महानगर वाराणसी के तत्वाधान में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआइआर कार्य को सुगम तरीके से करने के लिए महानगर की तीनों विधान सभाओं (उत्तरी,दक्षिणी,कैंट) के समस्त जोनल,सेक्टर और वार्ड प्रभारियों की ४पीडीए प्रहरी बीएलए बैठक४ नामक एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी से अकबरपुर विधानसभा के विधायक राम अचल राजभर थे।

महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम के आयोजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉक्टर अजय चौरसिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी महानगर के अध्यक्ष दिलीप डे संचालन समाजवादी पार्टी महानगर के महासचिव योगेंद्र यादव ने किया धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी राम जी यादव ने किया एवं तीनों विधानसभा के अध्यक्षगण अजय चौधरी दक्षिणी अजहर अली सिद्दीकी एवं कैंट अमन यादव आदि मौजूद थे

पीडीए प्रहरी बीएलए बैठक में महानगर वाराणसी के तीनों विधान सभाओं के समस्त जोनल प्रभारी,सेक्टर प्रभारी और वार्ड प्रभारियों को प्रत्येक वार्डों में एसआइआर कार्य हेतु चल रहे कैम्प में और भी सक्रिय रूप से कार्य करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई जिससे कि किसी योग्य मतदाता का नाम छुटने न पाए बैठक में यह भी बताया गया कि ड्राफ्ट सूची को सघन जांच कर दावा और आपत्ति पर जरूरी दस्तावेज समय से जरूर जमा करा दें और नए मतदाताओं को अधिक से अधिक जोड़ने का कार्य करें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल,समाजवादी पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य मो.दिलशाद अहमद, समाजवादी पार्टी के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य ईशान श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्रा, डाक्टर बहादुर यादव,किशन दीक्षित, डाक्टर सूबेदार सिंह,आनंद सिंह,रीबू श्रीवास्तव,संगीता पटेल, महेंद्र सिंह यादव,इस्तकबाल कुरैशी,पारस जायसवाल,डाक्टर ओपी, सिंह,लालू यादव, हरीश नारायण सिंह,हारून अंसारी, भैया लाल यादव,जाहिद नासिर, रजत कुमार,विवेक जोसफ, पार्षद अवनीश यादव विक्की,धीरज यादव,राजवीर सिह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जनता के जोश और भरोसे से गूंजा काशी का हर रास्ता

# रोजगार दो सामाजिक न्याय दो पदयात्रा के छठे दिन बना जन आंदोलन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में चल रही ह्लरोजगार दो सामाजिक न्याय दोह्व पदयात्रा का छठवां दिन जनता के जोश, भरोसे और अपार समर्थन के साथ शुरू हुआ बुधवार सुबह दस बजे जैसे ही पदयात्रा समृद्धि होटल बैंक्वेट एंड लॉन,लहरतारा से आगे बढ़ी, पूरे रास्ते युवाओं, किसानों, मजदूरों,बुनकरों, महिलाओं और सामाजिक संगठनों ने फूलों की वर्षा,नारों और ढोल-नगाड़ों के साथ संजय सिंह का ऐतिहासिक स्वागत कियो हर चौराहे,हर गली में उमड़ता जन सैलाब यह साफ संदेश दे रहा था कि रोजगार और सामाजिक न्याय की यह लड़ाई अब किसी एक पार्टी की नहीं,बल्कि प्रदेश की जनता का साझा आंदोलन बन चुकी है।

दिनभर चली पदयात्रा में संजय सिंह ने बेरोजगारी,मनरेगा में घटते काम के दिन,मजदूरों की मजदूरी, बुनकरों की बदहाली और दलित- पिछड़े वर्गों के साथ हो रहे सामाजिक अन्याय के मुद्दों को केंद्र में रखकर सरकार पर तीखा हमला बोला उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हालात ऐसे बना दिए गए हैं कि मेहनतकश मजदूर को काम नहीं, बुनकर को बाजार नहीं और युवा को नौकरी नहीं मिल रही मनरेगा जैसी योजना,जो गरीबों की जीवन रेखा होनी चाहिए थी उसे जान बूझकर कमजोर किया जा रहा है ताकि गांवों से रोजगार खत्म हो और पलायन बढ़े।

# 10 हजार के ईनामियां वाँछित गोतस्कर को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में प्रभारी चौकी मगहर उ0नि0 मनीष कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट उ0नि0 अशोक कुमार दूबे, का0 रमेश यादव, का0 उमेश यादव ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन व गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 986/2023 धारा 457/380/511 भादवि में 10 हजार रु0 के ईनामियां, 10 गुण्डा एक्ट में वांछित व जिलाबदर घोषित किए गये अभियुक्त अरशद बंजारा पुत्र मो0 अफजल उर्फ मदारी निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद को जनपदीय सीमा के अन्तर्गत कबीर चौरा मगहर रोड काला गेट हाइवे के पास से जिलाबदर अवधि का उल्लंघन करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

उक्त गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 036/2026 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुण्डा निवारण अधिनियम 1970 पंजीकृत किया गया।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को आविष्कार रोबोटिक नेशनल चैंपियनशिप में ट्रायथलॉन ऑफ इन्वेंशन अवार्ड से किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने दिल्ली में आयोजित आविष्कार रोबोटिक नेशनल चैंपियनशिप लीग फाइनल 2025झ26 एवं ट्रायथलॉन ऑफ इन्वेंशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में ऑनलाइन मोड के माध्यम से सक्रिय सहभागिता निभाते हुए विद्यालय को ह्लसभी श्रेणियों में सर्वाधिक सक्रियह्व का सम्मान प्राप्त हुआ। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता रोबोटिक्स, कोडिंग, आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस एवं गेम डिजाइन जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों पर आधारित थी। विद्यालय के छात्रों में यज्ञना राज, कार्तिक, शनि सिंह एवं नितिन कुमार ने सीनियर वर्ग में भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासा, नवाचार एवं तकनीकी दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया ।साथ ही इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सरिता सिंधु ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि अटल टिंकरिंग लैब विद्यार्थियों को प्रयोग, नवाचार एवं आत्मविश्वास के साथ सीखने का अवसर प्रदान करती है। नीति आयोग के पाठ्यक्रम पर आधारित गतिविधियाँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि विद्यालय में भारत ए आई लैब्स के मेंटर्स द्वारा रोबोटिक्स एवं कोडिंग का प्रशिक्षण मिलने से छात्र तकनीकी एवं एआई क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ स्थापित कर रहे हैं ह्वजिससे बच्चे तकनीकी एवं कोडिंग प्रशिक्षण द्वारा नई कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधक की ओर से श्री तुषार गुप्ता एवं डॉ. शिखा दरबारी ने विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि ह्लयह सफलता विद्यार्थियों की जिज्ञासा, एटीएल मेंटर्स के मार्गदर्शन तथा शिक्षकों के सतत प्रयासों का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन भविष्य में भी नवाचार, रोबोटिक्स एवं आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा ।विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ-साथ एटीएल मेंटर्स श्री अश्वनी शर्मा, शिवांश शर्मा एवं दीपक कुमार को इस सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी प्रतियोगिताओं में निरंतर सफलता की कामना की।

## 37 ई-बसें खड़ी रहीं, स्टाफ की कमी बनी बाधा-अगले माह से संचालन का लक्ष्य

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से दूसरे शहरों के लिए प्रस्तावित ई-बस सेवा को लेकर लंबे समय से प्रतीक्षित राहत अब दिखाई देने लगी है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को 37 आधुनिक ई-बसें मिल चुकी हैं, लेकिन चालक और अन्य व्यवस्थाएं पूरी न होने के कारण अब तक इनका संचालन शुरू नहीं हो सका था। मुख्यालय के निर्देश पर परिवहन निगम ने अब इन बसों के संचालन के लिए चालकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। साहिबाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि फिलहाल 50 से अधिक चालकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। आवेदन प्राप्त होते ही अभ्यर्थियों का ड्राइविंग टेस्ट कराया जा रहा है और मानकों पर खरे उतरने वाले उम्मीदवारों को आगे की प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है।

# क्षेत्र में कोई भी मतदाता वोटर लिस्ट में जुड़ने से ना छूटे-उप जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** तहसील मोदीनगर के सभागार में भोजपुर ब्लॉक और मोदीनगर के समस्त राशन डीलरों के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ उप जिलाधिकारी विधानसभा 57 मोदीनगर महोदय के द्वारा बैठक की गई। बैठक में राशन डीलरों को निर्देशित किया गया कि आपके क्षेत्र में कोई भी पत्र मतदाता वोटर लिस्ट में जुड़ने से ना छूटे, राशन डीलर को फॉर्म 6 भरने के लिए प्राथमिकता पर यह कार्य बी एल ओ के सहयोग से किया जाना है।

मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो इसके लिए अधिक से अधिक फॉर्म 8 भरने के लिए निर्देशित किया गया। दिनांक 6 फरवरी 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता का नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके लिए राशन डीलरों का सहयोग अपेक्षित है। उक्त बैठक में सभी राशन डीलर उपस्थित हुए थे और सभी ने अधिक से अधिक फॉर्म 6 भरकर बीएलओ की सहयोग करने का आश्वासन दिया है ।सभी राशन डीलर से अगले सप्ताह पुनः समीक्षा की जाएगी कि आपके द्वारा बीएलओ को कितने फॉर्म 6 भर कर दिए गए ।इसके साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में ग्राम के सभी पात्र कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करने में सम्बन्धित लेखपाल एवं पंचायत विभाग, अन्य विभाग के कर्मचारियों का सहयोग करने हेतु ब्लॉक भोजपुर तहसील मोदीनगर के राशन डीलर्स को निर्देशित किया गया है।

## भाकियू महाशक्ति की बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पदाधिकारी संगठन का विस्तार करें: नरेश प्रधान

**शिकारपुर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के कैंप कार्यालय शिकारपुर पर बैठक आयोजित की गई ।जिसमें भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पदाधिकारी संगठन का विस्तार करें और भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के हाथों को मजबूत करें ।जिससे कि क्षेत्र के सभी किसानों और मजदूरों के विकास के कार्य सरलता से हो सके। यदि हमारा संगठन मौजूद होगा तभी हम भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन कर सकेंगे। बैठक में सरदार भगत सिंह चौक से चौधरी चरण सिंह छात्रावास तक के रोड निर्माण पर भी चर्चा हुई जिसमें एनसीआर अध्यक्ष चौधरी नरेश प्रधान ने कहा की नगर पालिका अध्यक्ष इस टेंडर को अपने मनमानी तरीके से देना चाहती है।

# एनसीसी कैडेट को शस्त्र प्रशिक्षण दिया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में 35 यू पी बटालियन मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह के आदेश अनुसार एनसीसी कैडेट को शस्त्र प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पॉइंट 22 राइफल को खोलना, जोड़ना व पॉइंट 22 राइफल के पार्ट्स से अवगत कराया गया।इसी के साथ ही फायरिंग की पोजीशन लिलिंग पोजीशन, स्टैंडिंग पोजीशन, सिटिंग पोजिशन ,लाइन पोजीशन आदि के बारे में बताया व निशाना लेना सिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ,हवलदार भूप सिंह, हवलदार पवन कुमार, आदि लोग उपस्थित थे।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी० जी० कॉलेज में सड़क सुरक्षा अभियान की दिवस-वार कार्ययोजना के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा में युवाओं की भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में चुनाव साक्षरता क्लब का गठन किया गया। यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. नूतन सिंह द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों तथा युवा एवं नए मतदाताओं (18-21 वर्ष आयु वर्ग) में लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक बनाने, मतदान प्रक्रिया आदि विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा रश्मि चौधरी, हिंदी विभाग से डॉ. गीता त्यागी, डॉ. सारिका त्यागी, रितु शर्मा, ज्योति , खुशबू त्यागी, गार्गी गुप्ता सहित महाविद्यालय की छात्राओं का योगदान सराहनीय रहा।

# कुश्ती पदक विजेताओं का खंजरपुर में 22 जनवरी को होगा सम्मान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** कुश्ती पदक विजेताओं का 22 जनवरी को गांव खंजरपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है यह जानकारी देते हुए मास्टर प्रेम चौधरी ने बताया कि नेपाल में आयोजित साउथ एशियन कॉम्बैट चैंपियनशिप 2026 मे अंतरराष्ट्रीय कुश्ती पदक विजेताओं कृष्णा चौधरी,देव सांगवान,कनिष्क चौधरी, अविरल शर्मा, कुणाल सैनी, नवनीत चौहान,निशांत वीरवार,उमेश शर्मा, दीपक अमराला (कोच),अभिषेक चौधरी (कोच) अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी का ग्राम खंजरपुर मे दिनांक 22 जनवरी 2026 को




अभिनंदन किया जाएगा। मास्टर प्रेम चौधरी ने बताया कि हमारे गांव खंजरपुर की प्रतिभाओं का समय-समय पर समस्त ग्राम वासियों द्वारा पूरे मनोयोग के साथ स्वागत किया जाता है।

हमारे गांव की प्रत्येक जाति धर्म और समाज के लोग इस प्रकार के सम्मान समारोह में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं।

## सीमेंट सप्लाई के नाम पर पौने 15 लाख की ठगी, रकम मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र में सीमेंट की आपूर्ति का झांसा देकर पौने 15 लाख रुपये की ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ने जब अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा सेक्टर-100 स्थित सेंचुरी अपार्टमेंट निवासी मंजीत कुमार ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को दी शिकायत में बताया कि उनके निर्माण कार्य के लिए बड़ी मात्रा में सीमेंट की आवश्यकता थी। इसी दौरान उनकी मुलाकात राजनगर एक्सटेंशन निवासी राहुल से हुई, जिसने खुद को सीमेंट सप्लायर बताते हुए भरोसा दिलाया कि वह तय समय पर उचित दरों पर सीमेंट उपलब्ध करा देगा। मंजीत कुमार के अनुसार, राहुल की बातों में आकर उन्होंने 16 अक्तूबर 2025 को आरटीजीएस के माध्यम से उसके खाते में 14 लाख 70 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

# सरकारी दफ्तरों में दलालों की घुसपैठ पर सख्त प्रहार, डीएम का अल्टीमेटम, अवैध वसूली पर एफआईआर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी, स्वच्छ और जनहितैषी बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने अनाधिकृत व्यक्तियों और दलालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यालयों में सक्रिय दलाल न केवल आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं, बल्कि अवैध धन की मांग कर सरकारी व्यवस्था और उसकी साख को नुकसान पहुँचा रहे हैं। ऐसी गतिविधियों पर तत्काल और निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के कई प्रमुख कार्यालयों जैसे सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, तहसीलें, कलेक्ट्रेट, नगर निगम, चिकित्सा, शिक्षा, अग्निशमन सहित अन्य विभागों में ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन, छात्रवृत्ति, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, शस्त्र लाइसेंस, राशन कार्ड, आबकारी, फूड एंड ड्रग, मनोरंजन, खनन, अग्नि सुरक्षा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पीसीपीएनडीटी से जुड़े लाइसेंस जैसे कार्यों के नाम पर अनाधिकृत व्यक्ति और दलाल सक्रिय पाए जा रहे हैं। ये लोग आवेदकों को शीघ्र कार्य कराने का झूठा आश्वासन देकर अवैध धन की मांग करते हैं, जिससे आमजन में गलत संदेश जाता है और सरकारी प्रक्रियाओं की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगता है। डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने कार्यालयों में ऐसे तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें और निरोधात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी सरकारी कार्य के लिए किसी अनाधिकृत व्यक्ति को धन न दें। यदि कोई व्यक्ति या दलाल अवैध मांग करता है या कार्यालय परिसर में संदिग्ध रूप से घूमता पाया जाता है, तो उसकी तत्काल शिकायत संबंधित कार्यालयाध्यक्ष से करें। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति सरकारी कार्य कराने के नाम पर अवैध वसूली करता पाया जाएगा या बिना अधिकार सरकारी कार्यालयों में सक्रिय रहेगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का यह कदम सरकारी दफ्तरों की गरिमा बनाए रखने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और जनता के विश्वास को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# गांव सीकरी खुर्द निवासी अशोक मुखिया भूमि विकास बैंक मोदीनगर बैंक के चेयरमैन बने

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड मोदीनगर के अध्यक्ष पद पर गांव सीकरी खुर्द निवासी अशोक मुखिया के सामने किसी प्रतिद्वंदी की ओर से टिकट नहीं भरे जाने पर उनको निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। वही गजियाबाद से रामकुमार त्यागी निर्विरोध चुन गये। मुरादनगर ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार को भूमि विकास बैंक के चेयरमैन पद के लिए नामाकंन होना था। चुनाव अधिकारी एडीपीआरओ विवेकानंद की मौजूदगी में दोपहर तक किसी ने नामाकंन नही किया। 3100 से अधिक मतदाताओं की सूची बनी थी। भाजपा के सहकारी चुनाव के माहिर कहे जाने वाले पूर्व में इस बैंक के चेयरमैन रहे नरेश अमराला के करीबी गांव सीकरीखुर्द निवासी अशोक मुखिया जो कि भाजपा में काफी लंबे समय से जुडे है। अपने दल बल के साथ नामाकंन करने पहुंचे। नामांकन में किसी प्रतिद्वंदी की ओर से फार्म ना भरे जाने पर अशोक मुखिया निर्विरोध चुन लिये गये। अशोक मुखिया को सहकारी बैंक के अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा के जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यवीर राघव, दिनेश सिंघल,नरेश अमराला,देवेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, सतपाल प्रधान, जयप्रकाश शर्मा, नितिन मित्तल, कोपरेटिव बैंक के चेयरमैन कृष्णवीर सिंह, मुरादनगर ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, अरविंद भारतीय जितेंद्र चित्तौडा आदि क्षेत्र के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

# प्रिंटिंग फैक्टरी में भीषण आग, एक घंटे में पाया काबू, सभी कर्मचारी सुरक्षित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सेक्टर बी-3 स्थित एक प्रिंटिंग फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। लोनी फायर स्टेशन को बुधवार सुबह 11:16 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। बताया गया कि ट्रोनिका सिटी सेक्टर बी-3 में स्थित 'प्रिंट पैक इंडियाज नामक फैक्टरी के भूतल पर अचानक आग भड़क उठी है। सूचना मिलते ही तीन फायर टेंडर दमकलकर्मियों की टीम के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। दमकल टीम के पहुंचने से पहले ही फैक्टरी में मौजूद पांच से छह कर्मचारी बाहर निकल चुके थे, जिससे किसी के फंसे होने की आशंका नहीं रही। फैक्टरी के भूतल पर लगी आग तेजी से फैल रही थी, क्योंकि वहां ज्वलनशील सामग्री की मात्रा अधिक थी।

# नाबालिग से गैंगरेप के मामले में बड़ी कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप के मामले में अहम सफलता हासिल करते हुए वांछित चल रहे दो अभियुक्तों में से एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। मामले की जानकारी देते हुए एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रद्युम्न बसोर निवासी चुहरा सांवलखिरिया, थाना रेहली, जिला सागर (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में सी-2631, सुशांत लोक, सेक्टर-43, गुरुग्राम (हरियाणा) में रह रहा था। एसीपी ने बताया कि 16 सितंबर 2025 को ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में यह अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था।

पुलिस की लगातार निगरानी और प्रयासों के बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी उत्तम बसोर के साथ मिलकर उक्त जघन्य अपराध को अंजाम दिया था। अभियुक्त का फरार साथी उत्तम बसोर निवासी बिछिया, गढ़ाकोटा, जिला सागर (मध्यप्रदेश) बताया गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। एसीपी लोनी ने बताया कि ट्रोनिका सिटी थाने के एसएचओ मनोज कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ पुलिस की नीति जीरो टॉलरेंस की है और फरार अभियुक्त को भी शीघ्र गिरफ्तार कर कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी का सख्त और संवेदनशील प्रशासन, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनसुनवाई में लगातार बढ़ रही शिकायतों की संख्या यह दर्शाती है कि जनता का प्रशासन पर विश्वास मजबूत हो रहा है। इस दौरान नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत, स्वास्थ्य, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अनेक प्रार्थना और शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की बात को ध्यानपूर्वक सुना और यह भी जाना कि क्या पूर्व में संबंधित समस्या के समाधान के लिए कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का समाधान पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, वहां मौके पर जाकर जांच के बाद ही कार्रवाई की जाए तथा निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना अनिवार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनकल्याण से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से भी संवाद किया और जनसुविधाओं से संबंधित मुद्दों पर प्रशासन की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। इसी क्रम में उन्होंने आपदा प्रबंधन को लेकर भी अहम जानकारी साझा की। सिविल डिफेंस के तत्वावधान में 23 जनवरी 2026 को सायं 6:30 बजे से 7:00 बजे तक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता, आत्मरक्षा और दूसरों की सहायता से जुड़े उपायों की जानकारी दी जाएगी। इस अभ्यास में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, अग्निशमन, एनडीआरएफ सहित अन्य विभागों का सहयोग रहेगा। हाल ही में नोएडा में एक प्लॉट में भरे पानी में डूबने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मृत्यु की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सुरक्षा के दृष्टिगत सभी संभावित खतरनाक स्थलों के चिन्हीकरण के निर्देश दिए हैं। जीडीए, नगर निगम, जल निगम, आवास विकास विभाग और अन्य संबंधित विभागों को 25 जनवरी 2026 से पहले ऐसे स्थलों की पहचान करने को कहा गया है, जहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके बाद एक समन्वित बैठक कर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। जनपद के खोड़ा क्षेत्र के लिए भी राहत भरी खबर सामने आई है। पेयजल संकट के समाधान को लेकर लंबे समय से उठ रही मांगों और कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा के निर्देशों के क्रम में टेस्ट बोर कराए गए थे। अब खोड़ा की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए 9 करोड़ रुपये का प्रस्ताव निकाय बैठक में स्वीकृत कर लिया गया है। प्रशासन द्वारा चरणबद्ध तरीके से कार्य कर क्षेत्रवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# नवीन सोच और अनुसंधान को मिला मंच, चयनित प्रोजेक्ट्स को पेटेंट तक मिलेगी संस्थागत सहायता




**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में आईटीएस डेंटल कॉलेज ने एक सराहनीय पहल की। कॉलेज परिसर में बुधवार को 'यंग रिसर्चर अवार्ड का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बीडीएस एवं एमडीएस छात्रों को दंत चिकित्सा में नवीन अनुसंधान, रचनात्मक विचारों और आधुनिक समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से उभरते युवा दंत चिकित्सकों को अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ? का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक दंत चिकित्सा की सीमाओं से बाहर सोचने और दंत स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक व प्रभावी समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों ने समीक्षा समिति के समक्ष अपने-अपने शोध प्रस्ताव प्रस्तुत किए, जिनमें आधुनिक तकनीकों, नवाचारों और सरल समाधानों के माध्यम से दंत चिकित्सा में प्रगति की संभावनाओं को रेखांकित किया गया। प्रतियोगिता के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन के लिए इंटरनल एवं एक्सटर्नल विशेषज्ञों की समिति गठित की गई थी। इस अवसर पर काईट इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के रिसर्च साइंटिस्ट एवं प्रोडक्ट डेवलपमेंट एक्सपर्ट डॉ. अनुज पाठक (एम फार्मा, पीएचडी) को बाहरी विशेषज्ञ समीक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्रों के शोध विचारों का गहन मूल्यांकन कर उन्हें मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में बीडीएस एवं एमडीएस छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ अपने शोध प्रस्ताव प्रस्तुत किए और विशेषज्ञों के प्रश्नों का उत्तर दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी छात्रों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# नशे में रफ्तार का कहर, सिहानी गेट में हिट एंड रन का मामला दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र में शराब के नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाने का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां लापरवाही से चलाई जा रही कार ने दूसरी कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन रोकने के बजाय मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हिट एंड रन और नशे में वाहन चलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वास नगर, सिहानी रोड निवासी अंश त्यागी ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी की रात वह अपनी कार से बी-ब्लॉक लोहिया नगर मार्ग की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक कार चालक ने शराब के नशे में तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बड़ा हादसा हो सकता था, हालांकि वह बाल-बाल बच गए। पीड़ित का आरोप है कि दुर्घटना के तुरंत बाद आरोपी चालक ने वाहन रोकने की बजाय और भी खतरनाक तरीके से ड्राइव करते हुए मौके से फरार होना ही उचित समझा। घटना के बाद अंश त्यागी ने तत्काल डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। मामले को संज्ञान में लेते हुए सिहानी गेट थाना पुलिस ने 19 जनवरी को संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि यह मामला हिट एंड रन के साथ-साथ शराब पीकर वाहन चलाने से जुड़ा है, जो कानूनन गंभीर अपराध है। उन्होंने बताया कि सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर फरार चालक और वाहन की पहचान की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एनआईएसएम में 5-दिवसीय अध्ययन भ्रमण से बीबीए छात्रों को निवेश, म्यूचुअल फंड और रेगुलेटरी सिस्टम की गहन समझ

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर के स्नातक परिसर द्वारा बीबीए (2024-27) के छात्रों के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआईएसएम), मुंबई में आयोजित पाँच दिवसीय अध्ययन भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रतिभूति बाजार की वास्तविक कार्यप्रणाली, निवेश के आधुनिक आयामों, म्यूचुअल फंड की बुनियादी समझ तथा नियामक ढांचे से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। कार्यक्रम के दौरान एनआईएसएम के विशेषज्ञों ने प्रतिभूति बाजार के संचालन, निवेश के विविध अवसरों, वित्तीय क्षेत्र में करियर संभावनाओं और नियामक संस्थाओं की भूमिका पर विस्तृत सत्र लिए। जोखिम और प्रतिफल की अवधारणाओं को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया, जिससे छात्रों की विषयवस्तु पर पकड़ और अधिक



मजबूत हुई। एनआईएसएम की अत्याधुनिक सिमुलेशन लैब में छात्रों को रियल-टाइम ट्रेडिंग का अनुभव मिला, जहां उन्हें हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अभ्यास से छात्रों की विश्लेषणात्मक क्षमता, निर्णय-क्षमता और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। अध्ययन भ्रमण के दौरान छात्रों ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का भी शैक्षणिक भ्रमण किया, जो उनके लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हुआ। इससे कक्षा में पढ़े गए सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक बाजार प्रक्रियाओं के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हुआ। इसके साथ ही छात्रों ने मुंबई के प्रमुख दर्शनीय स्थलों-गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव और कोलाबा मार्केट का भ्रमण कर शहर की सांस्कृतिक और व्यावसायिक विविधता को भी नजदीक से देखा। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह पाँच दिवसीय अध्ययन भ्रमण छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि व्यावहारिक, परिणामोन्मुख और समृद्ध शिक्षण अनुभव के रूप में यादगार साबित हुआ।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में अब एडमिट कार्ड के साथ आधार कार्ड भी अनिवार्य

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को नकलमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए इस वर्ष सख्त व्यवस्था लागू की गई है। बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को अब एडमिट कार्ड के साथ-साथ आधार कार्ड भी अनिवार्य रूप से परीक्षा केंद्र पर लाना होगा। बिना आधार कार्ड के परीक्षा केंद्र में प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यह कदम फर्जी परीक्षार्थियों पर रोक लगाने और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। बोर्ड की ओर से बनाए गए नए नियमों के तहत आधार कार्ड को छात्रों की अपार आईडी से लिंक किया जाएगा। इससे परीक्षा केंद्र पर छात्र की पहचान का त्वरित और सटीक सत्यापन संभव हो सकेगा। अधिकारियों का मानना है कि इस व्यवस्था से किसी भी प्रकार की पहचान संबंधी गड़बड़ी या फजीर्वाड़े की संभावना समाप्त हो जाएगी और नकल पर प्रभावी अंकुश लगेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने छात्रों को परीक्षा से जुड़े सभी नियमों और आवश्यक दिशा-निर्देशों की पूरी जानकारी दें, ताकि किसी भी छात्र को अनजाने में हुई गलती के कारण परीक्षा से वंचित न होना पड़े। उन्होंने छात्रों से भी अपील की है कि वे बोर्ड के नियमों को ध्यान से पढ़ें और परीक्षा से संबंधित सूचनाओं पर लगातार नजर बनाए रखें।

परीक्षा केंद्रों पर हर गतिविधि की निगरानी के लिए जिला स्तर पर छह सचल दल गठित किए गए हैं। ये टीमें परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच करेंगी।

## किसानों के लिए गोल्डन कार्ड अनिवार्य

**गाजियाबाद।** किसानों को सरकारी योजनाओं का समुचित और पारदर्शी लाभ दिलाने के लिए अब गोल्डन कार्ड बनवाना अनिवार्य किया गया है। कृषि उपनिदेशक रामजतन मिश्रा ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों के पास गोल्डन कार्ड होना जरूरी होगा। इस कार्ड के माध्यम से किसानों की भूमि और खेती से जुड़ा पूरा विवरण एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। गोल्डन कार्ड में किसान की भूमिका, उसके पास उपलब्ध कुल भूमि, किस क्षेत्रफल में कौन–कौन सी फसल की खेती की जा रही है, जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज की जाएंगी। इससे न केवल किसानों की पहचान स्पष्ट होगी, बल्कि योजनाओं का लाभ सही पात्र तक पहुंचाने में भी आसानी होगी। कृषि उपनिदेशक ने बताया कि गोल्डन कार्ड के जरिए किसानों को बीज, खाद, खेती के लिए ऋण, सोलर पंप योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि गोल्डन कार्ड बनने के बाद किसानों की जमीन का रिकॉर्ड स्वतः अपडेट होता रहेगा। इससे यह स्पष्ट जानकारी उपलब्ध होगी कि किसान के पास वर्तमान में कितनी भूमि है और कितनी भूमि वह पहले बेच चुका है। जमीन की रजिस्ट्री के समय यह विवरण आसानी से उपलब्ध हो जाने से भूमि खरीद–बिक्री में होने वाले फजीर्वाड़े पर प्रभावी रोक लगेगी। कृषि विभाग का मानना है कि गोल्डन कार्ड व्यवस्था से किसानों को योजनाओं का लाभ लेने में बार–बार दस्तावेज जमा करने की परेशानी से राहत मिलेगी और प्रशासनिक प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और डिजिटल हो सकेगी। इससे न केवल किसानों का समय बचेगा, बल्कि कृषि क्षेत्र में भरोसेमंद और व्यवस्थित प्रणाली भी विकसित होगी।

# जीडीए का सख्त अभियान, जोन-5 में चार मामलों में सीलिंग, बिना अनुमति चल रहे औद्योगिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर चला प्राधिकरण का डंडा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण, अनधिकृत उपयोग और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया। उपाध्यक्ष के निर्देशन में प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत पूर्व में दर्ज वादों के क्रम में विभिन्न स्थलों पर प्रभावी सीलिंग की कार्रवाई की गई।

प्रवर्तन अभियान के दौरान भूडगढ़ी और डासना क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित हो रहे औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चिह्नित कर सील किया गया। वाद संख्या 57/अ0नि0/जोन-5/2018 के अंतर्गत भूडगढ़ी, डासना स्थित लगभग 5000 वर्गमीटर भूखंड पर संचालित एक्सक्लूसिव लैदर फैक्ट्री में करीब 1800 वर्गमीटर क्षेत्र में अनधिकृत रूप से फैक्ट्री संचालन पाया गया, जिस पर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में वाद संख्या 83/अ0नि0/जोन-5/2023 के तहत अचल गोयल द्वारा भूडगढ़ी, डासना फैक्ट्री एरिया में नाले से सटे क्षेत्र में बिना स्वीकृति के लगभग 12/150 वर्गमीटर में शेड निर्माण कराया जा रहा था। उक्त अवैध निर्माण को भी सील कर दिया गया। वाद संख्या 32/अ0नि0/जोन-5/2022 में भूडगढ़ी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक पुरानी फैक्ट्री परिसर में चारदीवारी के भीतर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्र में बैंकेट हॉल/बरात घर का अनधिकृत संचालन पाया गया। नियमों के स्पष्ट उल्लंघन के चलते इस प्रतिष्ठान को भी सील किया गया। इसके अलावा वाद संख्या 55/अ0नि0/जोन-5/2018 के अंतर्गत गंगा पेपर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भूडगढ़ी, डासना में लगभग 10 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में अनधिकृत रूप से फैक्ट्री संचालन किया जा रहा था, जिस पर भी जीडीए ने सख्त कार्रवाई करते हुए सीलिंग सुनिश्चित की। यह समस्त कार्रवाई प्रवर्तन जोन-5 के प्रवर्तन स्टाफ और जीडीए पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित रही। जीडीए ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अनधिकृत उपयोग के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर और सख्ती के साथ जारी रहेगा। साथ ही प्राधिकरण ने आम नागरिकों और भू-स्वामियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व जीडीए से आवश्यक स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें और निर्धारित नियमों का पालन कर शहर के नियोजित और सुव्यवस्थित विकास में सहयोग दें।




## मोबाइल चोरी के बाद खाते से उड़ाए 80 हजार

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी के बाद साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। चोरों ने युवती का मोबाइल चुराने के बाद उसके बैंक खाते तक पहुंच बनाते हुए 20 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 80 हजार रुपये निकाल लिए। घटना के बाद पीड़िता ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोविंदपुरम निवासी शिवांगी गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 31 दिसंबर 2025 को वह सब्जी मंडी में खरीदारी कर रही थीं, इसी दौरान उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। मोबाइल चोरी होने के बाद 31 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच उनके कोटक महिंद्रा बैंक खाते से लगातार ट्रांजेक्शन किए गए और कुल 80 हजार रुपये निकाल लिए गए।

# चिरंजीव विहार को जलभराव से मिलेगी मुक्ति, 6 करोड़ का बजट मंजूर

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** चिरंजीव विहार क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित 15वें वित्त आयोग एवं अवस्थापना निधि की बैठक में चिरंजीव विहार के नाले के निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति दी गई। इस निर्णय से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है और स्थानीय लोगों ने महापौर का आभार व्यक्त किया। कुछ समय पूर्व महापौर सुनीता दयाल वार्ड-56 चिरंजीव विहार में सामुदायिक भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुँची थीं। इसी दौरान स्थानीय नागरिकों ने कच्चे नाले के कारण हर वर्ष बरसात में होने वाले भीषण जलभराव की समस्या से उन्हें अवगत कराया था। बताया गया कि यह नाला चिरंजीव विहार सेक्टर-1, सेक्टर-2 और अवंतिका तक




फैला हुआ है, जो बारिश के दिनों में ओवरफ्लो होकर पूरे क्षेत्र को जलमग्न कर देता है। कई बार दिनभर पानी की निकासी नहीं हो पाती, जिससे लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। स्थानीय लोगों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर नाले के पक्के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कराया और उसे वित्तीय बैठक में पास कराया। नाले के निर्माण से चिरंजीव विहार में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय पार्षद मनोज त्यागी ने जानकारी दी कि 6 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह नाला क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से परेशान जनता को इस कार्य से बड़ी राहत मिलेगी और जलभराव की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। इसी उपलक्ष्य में स्थानीय पार्षदों और वरिष्ठ नागरिकों ने महापौर सुनीता दयाल का सम्मान करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे सभी विकास कार्य प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन का परिणाम हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस नाले के निर्माण का श्रेय वे स्वयं नहीं, बल्कि क्षेत्र के विधायक अजीत पाल त्यागी को देती हैं। महापौर ने कहा कि जनता का कार्य करना हम सभी भाजपाइयों का कर्तव्य है और आने वाले चुनाव में विधायक को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाना ही उनके लिए सबसे बड़ा धन्यवाद होगा। कार्यक्रम के दौरान रामचंद्र सिंह, अजय गोयल, संदीप त्यागी, राजकुमार शर्मा, महेंद्र गुप्ता, आरडी शर्मा, सुनील कंसल, मनोज मिश्रा, सुनील त्यागी, एसके उप्पल, दिलीप मिश्रा, योगेश वर्मा, अमृता, एसके गुप्ता, हरिहर शुक्ला, एसके सूद, पवन त्यागी, आशीष चौधरी, श्रीचंद यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# दमघोंटू हवा की गिरफ्त में गाजियाबाद, एक्यूआई 347 पर पहुंची हवा, पांच दिन से बेहद खराब हालात

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोगों को प्रदूषण से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार बुधवार को गाजियाबाद देश का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर दर्ज किया गया, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (त्तक्ष्) 347 रहा। प्रदूषण की इस दौड़ में गुरुग्राम पहले स्थान पर रहा, जहां एक्यूआई 358 दर्ज किया गया, जबकि दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से धारूहेड़ा और कल्याण रहे, दोनों शहरों का एक्यूआई 351 रिकॉर्ड किया गया। पिछले पांच दिनों से गाजियाबाद की हवा लगातार बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। इस अवधि में चार दिन शहर देश में सबसे प्रदूषित रहा, जबकि एक दिन दूसरे स्थान पर रहा। केवल हवा की गति बढे पर ही प्रदूषण स्तर में मामूली गिरावट देखने को मिलती है, लेकिन हालात अब भी गंभीर बने हुए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में बदलाव के बिना प्रदूषण से राहत की उम्मीद फिलहाल कम ही है। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक दावों की कमी नहीं है। अधिकारी हर स्तर पर कार्रवाई की बात करते नजर आते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों के उलट दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि यदि नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए तो हालात में कुछ सुधार संभव है, लेकिन ग्रैप के नियमों का भी प्रभावी पालन नहीं हो पा रहा है।